दैनिक
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, जोधपुर, उदयपुर, भरतपुर, बीकानेर, सवाई माधोपुर एवं अजमेर
# बढ़ता राजस्थान
RNI NO.RAJHIN /2013/52026
Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 13 | अंक : 211 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : ₹ 2.00
टोंक। सोमवार, 09 मार्च 2026 । चैत्र, कृष्ण पक्ष षष्ठी, संवत्-2082
भारत सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

## राजस्थान में पुलिस-कस्टडी में 4 लोगों को हार्ट अटैक आया

### 2 साल में 21 मौतें, एक भी पुलिसकर्मी दोषी नहीं, हवालात में 6 ने किया सुसाइड

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में पिछले 2 साल में पुलिस कस्टडी में 21 मौतें हुई हैं। इनमें अधिकांश मौत तबीयत बिगड़ने से होना बताया गया है। इनमें 4 की हार्ट अटैक से मौत हुई। वहीं, एक ने कुएं में कूदकर सुसाइड कर लिया था। पुलिस कस्टडी में हुई मौतों में 9 केसों की जांच पेंडिंग है। पुलिस कस्टडी में होने वाली मौतों में अभी तक एक भी पुलिसकर्मी दोषी नहीं पाया गया है।

कुछ मामलों में ड्यूटी पर तैनात संतरी की लापरवाही जरूर मानी गई है, जिसके चलते 17 सीसीए के नोटिस दिए गए हैं। राजस्थान विधानसभा में विधायक शांति धारीवाल की ओर से जनवरी-2024 से दिसम्बर-2025 तक पुलिस कस्टडी में मौत के संबंध में प्रश्न रखा गया था। इसके जबाव में पिछले 2 साल में पुलिस कस्टडी में 21 मौतें होना बताया गया है। इनमें से 9 मामले की जांच की जा रही है।

सीएम ममता के धरने का तीसरा दिन : बोलीं

## बीजेपी पर एक देश, एक नेता-एक पार्टी का पागलपन सवार

### पीएम-राष्ट्रपति की तस्वीर वाली बैनर दिखाया



बढ़ता राजस्थान

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का धरना रविवार को तीसरे दिन भी जारी रहा। टीएमसी सुप्रीमो ने चुनाव आयोग को वैनिश कमीशन कहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी 'इलेक्टोरल रोल से सही वोटर्स के नाम हटाने के लिए वैनिश कमीशन का गलत इस्तेमाल' कर रही है। उनका यह कमेंट ऐसे दिन आया है जब चुनाव आयोग की पूरी बेंच राज्य विधानसभा चुनाव से पहले चुनाव की तैयारियों का रिव्यू करने के लिए कोलकाता आने वाली है। ममता ने कहा - एक देश, एक नेता, एक पार्टी के पागलपन में, बीजेपी ने जन-विरोधी इच्छाओं को पूरा करने के लिए हर लोकतांत्रिक संस्था और संवैधानिक पद को सिस्टमैटिक तरीके से हथियार बना लिया है। बनर्जी ने दावा किया कि बीजेपी का आखिरी मकसद बाबासाहेब अंबेडकर के बनाए गए संविधान को अपने पार्टी मैनिफेस्टो से बदलना है। पार्टी की महिला कार्यकर्ताओं ने धरने के दौरान पीएम मोदी, राष्ट्रपति मुर्मू और वरिष्ठ भाजपा नेता आडवाणी की तस्वीर वाला एक बैनर दिखाया। तस्वीर में पीएम और लाल कृष्ण आडवाणी बैठे दिख रहे हैं और राष्ट्रपति खड़ी हुई हैं। तसवीर 2024 की है जिसमें राष्ट्रपति आडवाणी को भारत रत्न अवॉर्ड से सम्मानित कर रहीहैं।

## धीरेंद्र शास्त्री बोले- सेवादार लौंडियाबाजी के चक्कर में जुड़े

### बागेश्वर धाम में माल-पानी के लिए चेले बने

बढ़ता राजस्थान

**खजुराहो।** बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने रविवार को दरबार में अपने सेवादारों और चेलों को जमकर फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि धाम की व्यवस्था में बड़े बदलाव की जरूरत है। कई सेवादारों का व्यवहार भक्तों के प्रति ठीक नहीं है। भक्तों को धक्का देते हैं। कुछ सेवादारों की भाषा और व्यवहार बहुत घटिया है। धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि कई सेवादार भक्तों से इस तरह पेश आते हैं, जैसे वे किसी सैन्य व्यवस्था में खड़े हों। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि चाय से ज्यादा तो केतली गरम हो रही है। उनका कहना था कि कई चेले उनकी पीठ पीछे खुद को ही गुरु समझने लगे हैं।

# भारत ने कर दिखाया...

## टी-20 वर्ल्ड कप 2026 का खिताब जीतकर पलट दिया अहमदाबाद में इतिहास

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संजू सैमसन (89), ईशान किशन (54) और अभिषेक शर्मा (52) के अर्धशतक की बदौलत भारतीय टीम ने टी20 विश्व कप 2026 के फाइनल मुकाबले में न्यूजीलैंड को 96 रन से हराकर तीसरी बार खिताब पर कब्जा जमाया। इसके साथ ही टीम इंडिया बैक टू बैक ट्रॉफी जीतने वाली और बतौर होस्ट टी20 विश्व कप जीतने वाली पहली टीम बन गई है। इंग्लैंड और वेस्टइंडीज ने 2-2 बार टी20 विश्व कप जीता है। इतना ही नहीं भारतीय टीम ने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम का इतिहास भी पलट दिया है। वनडे विश्व कप 2023 के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को इसी मैदान पर शिकस्त दी थी। मुकाबले की बात करें तो टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 255 रन बनाए थे। जवाब में कीवी टीम 19 ओवर में 159 रन पर सिमट गई। न्यूजीलैंड की ओर से टिम सीफर्ट ने अर्धशतक लगाया। कप्तान सेंटनर ने 43 रन की पारी खेली।

### टी20 विश्व कप पावरप्ले में सर्वाधिक स्कोर

- 92/0 - भारत बनाम न्यूजीलैंड, अहमदाबाद, 2026 फाइनल
- 92/1 - वेस्टइंडीज बनाम अफगानिस्तान, ब्रिजटाउन, 2024
- 91/1 - नीदरलैंड बनाम आयरलैंड, सिलहट, 2014
- 89/3 - इंग्लैंड बनाम दक्षिण अफ्रीका, मुंबई विश्व कप, 2016
- 86/1 - भारत बनाम नामीबिया, दिल्ली, 2026





### धीमी शुरुआत के बाद बरसे ओपनर

तमाम आलोचनाओं के बाद भी भारत की ओर से अभिषेक शर्मा और संजू सैमसन की सलामी जोड़ी मैदान पर आई। पहले ओवर में संजू ने संभलकर बल्लेबाजी की और आखिरी गेंद पर सिक्स लगाया। दूसरे ओवर में अभिषेक ने कोई जल्दबाजी नहीं दिखाई। हालांकि, इसके बाद दोनों ने कीवी गेंदबाजों का आड़े हाथों लिया। इस जोड़ी ने चौकों-छक्कों से अपनी पारी को बुनना शुरू किया।

### पावरप्ले में जड़ दिए 92 रन

तीसरे ओवर में अभिषेक ने 2 चौके लगाकर लय प्राप्त की। चौथे ओवर में उन्होंने एक चौका और एक छक्का लगाया। 6 ओवर में भारतीय टीम ने बिना कोई विकेट गंवाए 92 रन जड़ दिए। 98 के स्कोर पर भारत को पहला झटका लगा। 18 गेंदों पर अर्धशतक लगाने वाले अभिषेक शर्मा 52 के स्कोर पर आउट हुए। 3 नंबर पर उतरे ईशान किशन पवेलियन से ही सेट होकर आए। भारतीय टीम ने 7.2 ओवर में अपना शतक पूरा किया।

भारत
255/5
न्यूजीलैंड
159/10

### सेमीफाइनल और फाइनल में अर्धशतक

शाहिद अफरीदी (2009)
विराट कोहली (2014)
संजू सैमसन (2026)



### संजू ने लगाई फिफ्टी की हैट्रिक

संजू सैमसन ने ईशान किशन के साथ मिलकर रन गति रुकने नहीं दी। 33 गेंदों पर संजू ने अपना अर्धशतक पूरा किया। सुपर-8 में वेस्टइंडीज (97*), सेमीफाइनल में इंग्लैंड (89*) और फाइनल में कीवी टीम के खिलाफ उन्होंने फिफ्टी लगाई। अर्धशतक लगाने के बाद संजू और खतरनाक नजर आए और उन्होंने सिक्स में डील शुरू कर दी। 14वें ओवर की आखिरी 3 गेंदों पर संजू ने 3 हवाई फायर किए। 15 ओवर में ही भारत का स्कोर 203 रन हो गया था। इसके बाद भारतीय टीम को बड़ा झटका लगा। 16वें ओवर की पहली गेंद पर संजू कैच आउट हुए।

राष्ट्रपति दौरा विवाद

## गृहसचिव ने बंगाल सरकार से रिपोर्ट मांगी

### कहा-वॉशरूम में पानी नहीं था, सड़क पर कूड़ा था; ममता सरकार ने प्रोग्राम वेन्यू बदला था

बढ़ता राजस्थान

**कोलकाता/नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के पश्चिम बंगाल दौरे में प्रोटोकॉल फॉलो नहीं करने के मामले में केंद्र ने राज्य के मुख्य सचिव से रिपोर्ट मांगी है। सूत्रों के मुताबिक, गृह सचिव ने रिपोर्ट में कहा कि राष्ट्रपति के लिए बनाए गए वॉशरूम में पानी नहीं था। प्रशासन ने जो रास्ता चुना था, वह कचरे से भरा था। अधिकारियों के मुताबिक, यह रिपोर्ट आज गृह मंत्रालय को भेजने के निर्देश दिए गए। उधर, पीएम मोदी और भाजपा ने इसे राष्ट्रपति का अपमान बताया है। मोदी कहा था कि ये शर्मानाक, ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। राष्ट्रपति मुर्मू को 7 मार्च को आदिवासी समुदाय के हर साल होने वाले प्रोग्राम 9वें अंतरराष्ट्रीय संथाल कॉन्फ्रेंस में बुलाया गया था। कार्यक्रम सिलीगुड़ी के बिधाननगर में होना तय था। हालांकि सुरक्षा और दूसरे लॉजिस्टिक कारणों का हवाला देते हुए, अधिकारियों ने जगह को बागडोगरा एयरपोर्ट के पास गोपालपुर में शिफ्ट कर दिया। राष्ट्रपति मुर्मू ने कार्यक्रम स्थल बदले जाने पर नाराजगी जताई। कहा कि मुझे लगता है बंगाल सरकार आदिवासियों का भला नहीं चाहतीं। नॉर्थ बंगाल दौरे पर न तो मुख्यमंत्री और न ही कोई मंत्री मुझे रिसीव करने आया। मुझे नहीं पता कि ममता मुझसे नाराज हैं या नहीं। वैसे, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता।



### राष्ट्रपति बोलीं- ममता मेरी छोटी बहन जैसीं; 4 बड़ी बातें

ममता बनर्जी मेरी छोटी बहन जैसी हैं। मैं भी बंगाल की बेटी हूं। अगर प्रोग्राम बिधाननगर में होता, तो बेहतर होता। वहां काफी जगह है और बहुत से लोग आ सकते थे। लेकिन मुझे नहीं पता कि राज्य प्रशासन ने वहां मीटिंग की इजाजत क्यों नहीं दी। गोशाईपुर में जगह छोटी होने की वजह से कई लोग कार्यक्रम में नहीं आ सके। कार्यक्रम ऐसी जगह रखा गया जहां लोगों का पहुंचना मुश्किल था। ऐसा लगता है कि आदिवासी समुदाय के लोगों को कार्यक्रम में आने से रोका गया। ऐसा लग रहा था जैसे कुछ लोग इस इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस को होने नहीं देना चाहते थे। शायद कुछ लोग नहीं चाहते कि संथाल समुदाय आगे बढ़े और मजबूत बने।

### केंद्र ने गृहसचिव ने 4 मुद्दों पर जवाब मांगा....

- राष्ट्रपति को रिसीव करने और विदा करने के लिए मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक क्यों मौजूद नहीं थे?
- राष्ट्रपति के लिए बनाए गए वॉशरूम में पानी नहीं था।
- प्रशासन ने जो रास्ता चुना था, वह कचरे से भरा था।
- दार्जिलिंग के डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट, सिलीगुड़ी के पुलिस कमिश्नर और एडिशनल डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट इसके लिए जिम्मेदार हैं।

## 28 करोड़ से अधिक जनधन खाते महिलाओं के पास, नए भारत में बढ़ रही भागीदारी : सीतारमण

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को कहा कि वित्तीय सेवाओं तक पहुंच ने महिलाओं को असली आजादी तक पहुंचने में मदद की है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में, वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि जनधन खाता और लखपति दीदियों जैसी सरकारी योजनाएं महिलाओं को वित्तीय रूप से मजबूत कर रही हैं और पूरे भारत में घरों और समुदायों को नया आकार दे रही हैं। जन धन योजना की आधिकारिक वेबसाइट के मुताबिक, देश में अब तक 57.71 करोड़ जनधन खाते खोले जा चुके हैं। वहीं, लखपति दीदी योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाना है।




# लेबनान में इजराइली हमले में 15 की मौत

## बेरूत के होटल को निशाना बनाया, हिजबुल्लाह ने जवाबी हमले का दावा किया




बढ़ता राजस्थान

**तेल अवीव/तेहरान (एजेंसी)।** लेबनान में शनिवार देर रात हुए इजराइल के हवाई हमलों में 15 लोगों की मौत हुई है। इसके अलावा 15 लोग घायल हुए हैं। हमलों में राजधानी बेरूत के एक होटल को निशाना बनाया गया, जहां युद्ध के कारण विस्थापित लोग ठहरे हुए थे। लेबनान की नेशनल न्यूज एजेंसी के मुताबिक होटल पर हुए हमले में चार लोगों की मौत हुई। वहीं जबल अल-बतूम और कफ्र रुम्मान शहरों में हुए हमलों में पांच लोगों की जान गई। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि देश के कई अन्य हिस्सों में भी इजराइली एयर स्ट्राइक हुई हैं।

इस बीच ईरान समर्थित हिजबुल्लाह ने जवाबी कार्रवाई का दावा किया है। संगठन ने कहा कि उसके लड़ाकों ने अल-मलिकिया सैन्य ठिकाने पर मौजूद इजराइली सैनिकों को रॉकेटों से निशाना बनाया। हिजबुल्लाह ने उत्तरी इजराइल के किरयात शमोना शहर पर कामीकाजे ड्रोन हमले का भी दावा किया।

### जंग के 5 बड़े अपडेट्स

- ईरान में अब तक 6,668 सिविल इलाकों को निशाना बनाया गया है।
- इन हमलों में 5,535 घरों और 1041 दुकानें को नुकसान पहुंचा।
- 14 मेडिकल सेंटर्स और 65 स्कूलों पर भी हमला किया गया।
- यूएस-इजराइल और ईरान जंग में अब तक 1701 मौत हुई है।
- जंग में अब तक इजराइल के 1765 लोग घायल हुए हैं।



# सम्पादकीय

## राष्ट्रपति का अनादर, पश्चिम बंगाल सरकार पर उठे सवाल

किसी की भी अनदेखी-उपेक्षा उसका अनादर ही होता है। पश्चिम बंगाल के दौरे पर गईं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के साथ ऐसा ही हुआ। चूंकि उन्होंने इसे लेकर अपनी आपत्ति और पीड़ा प्रकट की, इसलिए यह सहज ही समझा जा सकता है कि वास्तव में उनके लिए निर्धारित प्रोटोकाल का उल्लंघन किया गया। यह इससे सिद्ध भी होता है कि उनके कार्यक्रम स्थल में बार-बार बदलाव किया गया और अंततः उसका आयोजन ऐसी जगह किया गया, जहां लोगों को पहुंचने में कठिनाई का सामना करना पड़ा। इससे भी खराब बात यह रही कि बदले हुए आयोजन स्थल पर जा रहे लोगों को इस आधार पर प्रवेश करने से रोका गया कि उनके पास आवश्यक निमंत्रण पत्र नहीं हैं, लेकिन वे तो वितरित ही नहीं किए गए थे। स्पष्ट है कि बंगाल सरकार में कोई यह चाहता था कि राष्ट्रपति का यह कार्यक्रम सफल न होने पाए। इससे बड़ी विडंबना और कोई नहीं कि आदिवासियों के जिस कार्यक्रम में आदिवासी समाज की राष्ट्रपति को सम्मिलित होना था, उसमें बाधाएं खड़ी की गईं। उनकी किस हद तक अनदेखी की गई, इसका एक प्रमाण यह भी है कि आयोजन स्थल पर उनके लिए आवश्यक सुविधाओं जैसे कि शौचालय आदि की व्यवस्था तक नहीं की गई। राष्ट्रपति जिस तरह पूर्व निर्धारित आयोजन स्थल पर गईं, उससे उन्होंने बंगाल प्रशासन की पोल ही खोली, क्योंकि उन्होंने पाया कि वहां पर कहीं अधिक लोगों के एकत्रित होने के लिए पर्याप्त स्थान था। अच्छा होता कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उनका प्रशासन यह समझता कि राष्ट्रपति के साथ उचित व्यवहार नहीं हुआ, लेकिन वे राष्ट्रपति को ही कठघरे में खड़ा करने में लग गईं। उन्होंने उन पर यह आरोप भी जड़ दिया कि वे भाजपा के इशारे पर राजनीति कर रही हैं। आखिर आदिवासियों के सम्मेलन में आदिवासी समाज की ही राष्ट्रपति का जाना दलगत राजनीति का विषय कैसे हो गया? यह समझ आता है कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी चुनाव आयोग के खिलाफ धरने पर बैठे होने के कारण राष्ट्रपति की अगवानी के लिए नहीं पहुंच सकीं, लेकिन वे अपनी ओर से किसी मंत्री को तो इस कार्य के लिए नियुक्त कर ही सकती थीं। प्रोटोकाल भी यही कहता है और इसके कई उदाहरण हैं कि जब राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति अथवा प्रधानमंत्री के आगमन पर मुख्यमंत्री उपस्थित नहीं हो पाते तो वे अपने किसी मंत्री को उनके स्वागत के लिए भेजते हैं। कोई नहीं जानता कि ममता बनर्जी को अपनी जगह किसी मंत्री को राष्ट्रपति का स्वागत करने के लिए भेजने में क्या



कठिनाई थी? जो भी हुआ, अच्छा नहीं हुआ। राष्ट्रपति के किसी दौरे को दलगत राजनीति से दूर रखा जाना चाहिए और वे जिस आदर एवं सम्मान की अधिकारी हैं, वह उन्हें प्रदान किया जाना चाहिए।

## आज का इतिहास

बढ़ता राजस्थान

- 09 मार्च की महत्त्वपूर्ण घटनाएं
- 1999 - ब्रिटिश उद्योगपति स्वराज पाल को सेंट्रल बर्मिंघम विश्वविद्यालय द्वारा डॉक्टरेट की मानद उपाधि प्रदान की गयी, फ्रांसिस्को फ़्लोरेस अल सल्वाडोर (द. अमेरिका) के राष्ट्रपति चुने गये।
- 2003 - पेरू के पूर्व राष्ट्रपति अलवर्टो फूजीमोरी के ख़िलाफ़ इंटरपोल ने गिरफ़्तारी का वारंट जारी किया।
- 2004 - पाकिस्तान ने 2000 किमी. की मारक क्षमता वाले सतह तक मार करने वाले 'शाहीन-2' (हत्फ़-6) प्रक्षेपास्त्र का सफल परीक्षण किया।
- 2005 - थाक्सिन शिनवात्रा दूसरे कार्यकाल के लिए थाइलैंड के प्रधानमंत्री चुने गये।
- 2007 - ब्रिटेन में भारतीय डॉक्टरों को भेदभाव वाले प्रवासी नियमों पर क़ानूनी कामयाबी मिली।
- 2008 -
- गोवा के राज्यपाल एस.सी.जमीर ने महाराष्ट्र के राज्यपाल का अतिरिक्त कार्यभार ग्रहण किया।
- मलेशिया में हुए संसदीय चुनाव में पूर्व प्रधानमंत्री अब्दुल्ला अहमद बदावी पराजित हुए।
- 2009 - तमिलनाडु ने पश्चिम बंगाल को 66 रनों से पराजित कर विजय हरारे ट्राफी जीती।
- 2018 - बिप्लब कुमार देब ने भारतीय राज्य त्रिपुरा के दसवें मुख्यमन्त्री के रूप में शपथ ली।
- 9 मार्च को जन्मे व्यक्ति
- 1915 - डॉ. नगेन्द्र, भारत के प्रसिद्ध हिन्दी साहित्यकार।
- 1930 - सोली जहांगीर सोराबजी, रख्यात भारतीय विधिवेत्ता और भारत के पूर्व महान्यायवादी हैं।
- 1931 - कर्ण सिंह, भारतीय राजनेता और लेखक
- 1938 -हरिकृष्ण देवसरे, प्रसिद्ध बाल साहित्यकार एवं संपादक
- 1951 - उस्ताद ज़ाकिर हुसैन, मशहूर तबला वादक
- 1956 - शशि थरूर, भारतीय लेखक।

## विशेष आलेख

# असली नायिकाएँ कहाँ हैं? नारी सम्मान के पीछे छिपा दिखावे का कारोबार



डॉ. प्रियंका सौरभ

समाज में सम्मान का अर्थ कभी बहुत गहरा हुआ करता था। किसी को सम्मानित करना केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि उसके संघर्ष, श्रम और योगदान को सार्वजनिक रूप से स्वीकार करने का एक नैतिक दायित्व माना जाता था। सम्मान का अर्थ था समाज की ओर से यह स्वीकार करना कि किसी व्यक्ति ने अपने जीवन से दूसरों के लिए रास्ता बनाया है। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में एक अजीब प्रवृत्ति तेजी से उभरी है 'नारी सम्मान' के नाम पर पुरस्कारों का बाज़ार।

आज ऐसा लगता है मानो हर संस्था, हर मंच और हर संगठन 'नारी शक्ति सम्मान', 'वुमन आइकन अवॉर्ड', 'वुमन लीडरशिप अवॉर्ड', 'ग्लोबल वुमन एक्सीलेंस अवॉर्ड' जैसे भव्य नामों से पुरस्कार बाँटने की होड़ में लगा है। सोशल मीडिया खोलिए तो हर दूसरे दिन किसी न किसी महिला को 'अंतरराष्ट्रीय महिला सम्मान' या 'राष्ट्रीय महिला रत्न' से सम्मानित किए जाने की तस्वीरें दिखाई देती हैं। मंच पर मुस्कुराते चेहरे, हाथों में चमकती ट्रॉफियाँ, और पीछे बड़े-बड़े बैनर सब कुछ देखने में बेहद आकर्षक लगता है। लेकिन इस चमकदार तस्वीर के पीछे कई ऐसे सवाल छिपे हैं जिन्हें अक्सर पूछने से बचा लिया जाता है। सवाल यह नहीं कि महिलाओं को सम्मान क्यों दिया जा रहा है; सवाल यह है कि क्या ये सम्मान सचमुच सम्मान हैं, या केवल दिखावे और प्रचार का साधन बनते जा रहे हैं?

दरअसल आज 'नारी सशक्तिकरण' एक ऐसा शब्द बन गया है जिसका प्रयोग जितना ज्यादा होता है, उसका वास्तविक अर्थ उतना ही कमजोर होता जाता है। मंचों पर बड़ी-बड़ी बातें होती हैं, भाषणों में महिलाओं की शक्ति और क्षमता का गुणगान किया जाता है, लंबी-लंबी सूची में पुरस्कार बाँटे जाते हैं, फोटो खिंचते हैं, सोशल मीडिया पोस्ट बनते हैं और अगले दिन सब कुछ सामान्य हो जाता है। इस पूरे क्रम में अक्सर वह महिला गायब रहती है जिसके जीवन में सशक्तिकरण की सबसे ज्यादा जरूरत है।

भारतीय समाज में सम्मान का अर्थ केवल ट्रॉफी या प्रमाणपत्र नहीं था। किसी को सम्मानित करना उस व्यक्ति के सामाजिक योगदान को स्वीकार करना था। यह एक तरह से समाज की ओर से कहा गया धन्यवाद होता था—कि आपने अपने जीवन से दूसरों के लिए रास्ता बनाया। लेकिन जब सम्मान का उद्देश्य बदलकर प्रचार, नेटवर्किंग और व्यक्तिगत ब्रांडिंग बन जाए, तो उसका मूल्य भी धीरे-धीरे कम हो जाता है। आज कई पुरस्कार समारोह ऐसे होते हैं जिनमें वास्तविक चयन प्रक्रिया अस्पष्ट होती है। कई बार प्रतिभागियों को स्वयं नामांकन करना पड़ता है, कुछ जगहों पर नामांकन के साथ शुल्क भी लिया जाता है, और अंत में एक भव्य समारोह में लगभग सभी को सम्मानित कर दिया जाता है। ऐसे आयोजनों में सम्मान की गरिमा से ज्यादा महत्व मंच की सजावट, कैमरों की फ्लैश और सोशल मीडिया पोस्ट को दिया जाता है।

सोशल मीडिया के दौर ने इस प्रवृत्ति को और तेज कर दिया है। आज सम्मान केवल एक प्रमाणपत्र नहीं, बल्कि डिजिटल पहचान का हिस्सा बन गया है। किसी को भी कोई पुरस्कार मिलते ही उसकी तस्वीरें फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सऐप पर साझा की जाती हैं। कैप्शन में लिखा जाता है—मुझे अंतरराष्ट्रीय महिला सम्मान प्राप्त हुआ। इन पोस्टों को देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि मानो सम्मान प्राप्त करना ही सशक्तिकरण का अंतिम लक्ष्य हो। धीरे-धीरे यह स्थिति बन जाती है कि सम्मान पाने की होड़ असली काम से ज्यादा महत्वपूर्ण हो जाती है।

यह प्रवृत्ति केवल व्यक्तिगत स्तर पर ही नहीं, बल्कि संस्थागत स्तर पर भी दिखाई देती है। कई संगठन सम्मान समारोहों को अपने प्रचार का साधन बना लेते हैं। वे बड़ी-बड़ी उपाधियाँ देते हैं, मंच पर भव्य आयोजन करते हैं और फिर उस कार्यक्रम का उपयोग अपने संगठन की पहचान बढ़ाने के लिए करते हैं। कभी-कभी तो यह स्थिति भी देखने को मिलती है कि एक ही व्यक्ति कुछ महीनों के भीतर कई अलग-अलग संस्थाओं से सम्मानित हो जाता है।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि अगर इतने पुरस्कार दिए जा रहे हैं तो क्या वास्तव में समाज की मेहनती और संघर्षशील महिलाएँ सामने आ रही हैं? ग्रामीण भारत में लाखों महिलाएँ हैं जो अपने परिवार, समाज और समुदाय के लिए अद्भुत काम कर रही हैं। वे स्वयं सहायता समूह चला रही हैं, गाँवों में शिक्षा का प्रचार कर रही हैं, पर्यावरण संरक्षण में योगदान दे रही हैं, या घरेलू हिंसा और सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ संघर्ष कर रही हैं। कई महिलाएँ सीमित संसाधनों के बावजूद अपने बच्चों को शिक्षित करने के लिए अथक मेहनत कर रही हैं। कई महिलाएँ समाज की बंदिशों को तोडक़र अपने पैरों पर खड़ी हो रही हैं।


लेकिन इन महिलाओं के पास न तो बड़े मंचों तक पहुँच होती है और न ही प्रचार का साधन। इसलिए उनका काम अक्सर गुमनाम रह जाता है। वे सम्मान की सूची में शायद ही कभी दिखाई देती हैं। इसके विपरीत, कुछ लोग बार-बार सम्मानित होते रहते हैं। कभी किसी संस्था से महिला शक्ति सम्मान, कभी किसी संगठन से महिला प्रेरणा अवॉर्ड, तो कभी किसी मंच से राष्ट्रीय महिला रत्न। यह स्थिति सम्मान की विश्वसनीयता पर भी प्रश्नचिह्न लगा देती है। आज यह कहना गलत नहीं होगा कि कुछ जगहों पर अवार्ड इंडस्ट्री विकसित हो चुकी है। इस उद्योग का एक तय ढाँचा होता है। पहले एक आकर्षक नाम से पुरस्कार की घोषणा की जाती है।

फिर नामांकन आमंत्रित किए जाते हैं। इसके बाद चयन समिति का गठन होता है, जिसकी प्रक्रिया अक्सर पारदर्शी नहीं होती। अंत में किसी बड़े होटल या सभागार में समारोह आयोजित किया जाता है, जहाँ दर्जनों लोगों को सम्मानित किया जाता है। नारी सम्मान का उद्देश्य महिलाओं को समाज में उनकी वास्तविक भूमिका और योगदान के लिए पहचान देना होना चाहिए। लेकिन जब सम्मान केवल फोटो, प्रमाणपत्र और सोशल मीडिया पोस्ट तक सीमित रह जाए, तो वह सम्मान नहीं बल्कि सम्मान का बाज़ार बन जाता है। महिलाओं को ट्रॉफियों से ज्यादा जरूरत है समान अवसर, सुरक्षा, शिक्षा और सम्मानजनक जीवन की। उन्हें ऐसे समाज की जरूरत है जहाँ उनकी मेहनत को मंच की चमक के बिना भी पहचाना जाए।

**(यह लेखक के अपने निजी विचार है)**

# बांग्लादेश में वेश्याओं को दिए जा रहे हैं जानवरों वाले स्टीरॉयड

*पाकिस्तान मानवधिकार आयोग की आयशा अंजुमन का कहना है कि बांग्लादेश और पाकिस्तान में छोटी लड़कियों को जानवरों वाले स्टीरॉयड दिए जाते हैं, ताकि वे जल्द ही जवान और आकर्षक दिख सकें।*



सुभाष आनंद

पिछले दिनों पाकिस्तान की 4 महिला पत्रकार बांग्ला देश की यात्रा पर गई थी, यहां उन्होंने बांग्ला देश में देह व्यापार में लिप्त करीब 3 लाख महिलाओं पर टिप्पणी करते हुए संयुक्त बयान में कहा था कि 90 फीसदी महिलाओं को ऐसे स्टीरॉयड की लत है जो जानवरों को मोटा करने के लिए दिया जाता है। पाकिस्तान मानवधिकार आयोग की आयशा अंजुमन का कहना है कि बांग्लादेश और पाकिस्तान में छोटी लड़कियों को जानवरों वाले स्टीरॉयड दिए जाते हैं, ताकि वे जल्द ही जवान और आकर्षक दिख सकें। इन महिलाओं का कहना है कि एशियन देशों में महिलाओं के साथ जानवरों जैसा सलूक किया जा रहा है। वहीं पाकिस्तान की मशहूर वकील अंजुम रहीम ने कहा है कि एशियन देशों खासकर बंगला देश में महिलाओं का जिस प्रकार शोषण किया जा रहा है, उस पर बात करने की खास जरुरत है। एशियन देशों में महिलाओं के शोषण की बातें दुनियाभर के समाचार पत्रों में प्रकाशित हो रही है। वहीं मुस्लिम देशों में महिलाओं के ऊपर हो रहे अत्याचारों को भी विदेशी समाचार पत्र प्रथम पन्नों पर प्रकाशित कर रहे है। पाकिस्तान की महिला वकील अह्मद वकीला का कहना है कि अनेक कंपनियां एशियाई देशों में अपना कारोबार चमकाने के लिए कई प्रकार के अश्लील विज्ञापनों का सहारा ले रही है। उधर, बांग्ला देश में वेश्यावृति को कानूनी मान्यता प्राप्त है ओर सरकारी मान्यता प्राप्त वेश्याएं अपने अच्छे शरीर के दम पर अधिक से अधिक ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए रोज स्टीरॉयड्स का प्रयोग कर रही है, जोकि शरीर के लिए हानिकारक तो होता है लेकिन शरीर को हष्टपुष्ट बनाता है। बांग्ला देश में वेश्याएं वेश्यालयों की स्वामी जिन्हें वे मैडम कहती हैं, उनके अधीन जीवन व्यतीत करती है। अपनी कमाई का बड़ा हिस्सा उन्हें देना पड़ता है। ऐसे में इन ड्रग के अति हानिकारक प्रभावों को जानने के बावजूद वेश्याएं अधिक कमाई की आशा में अपनी इच्छा से इस ड्रग का सेवन करती है और शीघ्र ही इन छोटी आयु की लड़कियों को इस नशे की लत लग जाती है। जिसके बाद उसे छोडने का मन होने पर भी वह इसे छोड़ नहीं सकती। प्राप्त जानकारी के अनुसार 2024 में कई वेश्याओं की जानवरों वाले स्टीरॉयड लेने से मौत हो चुकी है। बांग्ला देश की सरकार ने इस पर सख्त कार्रवाई करने की धमकी दी थी। सैक्स वर्कस कैम्पेन ग्रुप ने ब्रिटिश संस्था एक्शन एड से इसके बारे में पड़ताल करवाने की मांग की थी। ढ़ाका के बुद्धिजीवी कमल हुसैन का कहना है कि लड़कियों की मौत के रहस्य से पर्दा उठते ही बांग्ला देश के वेश्यालयों में हडक़ंप मच गया है, सरकार स्टीरॉयड बंद करने पर विचार कर रही है। उनके अनुसार वेश्यालयों में प्रायःकमजोर और दुबली-पतली लड़कियां ही आती है। ग्राहकों को अपनी तरफ आकर्षित करने के लिए उन्हें मांसल शरीर पाने हेतु कई प्रकार के उपाय करने पड़ते है, जबकि स्टीरॉयड जादू की छड़ी की भांति काम करता है। चंद ही दिनों में दुबली-पतली लड़कियां मांसल बनकर उभरती है, और भारी शरीर ग्राहकों को अच्छा लगता है।

**(यह लेखक के अपने निजी विचार है)**

## लघु कथा

बढ़ता राजस्थान

### सशक्तिकरण

रविवार की अलसाई सी दोपहर, पायल ने कॉफ़ी कप टेबल पर रखते हुए कहा, मैंने तो साफ़-साफ़ कह दिया एमडी से, 9 महीने की छुट्टी तो चाहिए ही चाहिए। और...वो मान गया ? सरिता ने आश्चर्य भरा प्रश्न किया । प्रश्न वाजिब भी था। कार्पोरेट कंपनियों से छुट्टी ले लेना भी अपने आप में एक उपलब्धि ही है और खास कर के जिस पद पर पायल और सरिता काम करती है। साल ख़त्म हो जाता है पर छुट्टियाँ नहीं मिलतीं । अरे देता कैसे नहीं, प्रेगनेंसी लीव मांगी थी, देना तो थी ही उसे। पायल ने ऐंठते हुए कहा । थोड़ी ना-नुकुर तो कर रहा था, पर मैंने बतला दिया कि महिला मोर्चा को लिखित में देने की तैय्यारी है, मातृत्व अवकाश कोई मज़ाक नहीं है। पायल की आँखों में चमक थी। सही बात है, अब हम भला किस से दबने वाले हैं, वो ज़माने गए जब महिलाओं को उनके अधिकारों से वंचित कर दिया जाता था, ये दौर तो हमारा है। सरिता ने भी समर्थन किया। नारी सशक्तिकरण का ज़माना है, और मातृत्व अवकाश, ये तो अधिकार है हर महिला का । मैंने तो ऊपर तक जाने की तैय्यारी कर रखी थी, एमडी की तो खाट खड़ी हो जाती । कहते हुए पायल ने कॉफ़ी का एक घूंट लिया। तभी तेज़ क़दमों से चलती हुई लक्ष्मी घर में दाखिल हुई, पायल ने तुरंत कहा आज बड़ी देर कर दी आने में, चलो पहले झाड़ू कर दो, मैं कपड़े भी निकाल देती हूँ। मेडम जी, मुझे छुट्टी चाहिए, लक्ष्मी ने दबे से सुर में कहा। पायल ने तल्खी से पूछा, क्यों क्या काम है?। मेडम जी आप तो जानती ही हैं, पेट से हूँ, चौथा महीना है, ऐसी हालत में काम नहीं हो पाता । लक्ष्मी ने आशा भरी नजऱों से पायल की तरफ देखा। छुट्टी-वुट्टी कोई नहीं मिलेगी, अब क्या तुझे 6 महीनों की छुट्टी दूँ, और ये काम, काम कैसे होगा? पायल ने लक्ष्मी की उम्मीदों को चूर करते हुए कहा।



## हैल्थ टिप्स

बढ़ता राजस्थान

# गर्दन का कालापन दूर करने के लिए रामबाण हैं ये देसी नुस्खे, आज ही आजमाएं

**1. बेसन, हल्दी और दही का उबटन**

यह सदियों पुराना नुस्खा टैनिंग हटाने के लिए सबसे बेहतरीन है। बेसन गहराई से सफाई करता है, दही में मौजूद लैक्टिक एसिड त्वचा को ब्लीच करता है और हल्दी एंटी-सेप्टिक का काम करती है। 2 चम्मच बेसन में एक चुटकी हल्दी और 1 चम्मच दही मिलाएं। इस पेस्ट को गर्दन पर लगाकर 20 मिनट के लिए छोड़ दें और सूखने पर रगडक़र धो लें।

**2. बेकिंग सोडा का मैजिक पेस्ट**

अगर कालापन बहुत पुराना और जिद्दी है, तो बेकिंग सोडा किसी वरदान से कम नहीं है। यह स्किन को एक्सफोलिएट कर जमी हुई मैल को निकाल फेंकता है। 2 चम्मच बेकिंग सोडा में थोड़ा पानी मिलाकर पेस्ट बनाएं। इसे गर्दन पर लगाएं और सूखने के बाद गीले हाथों से मसाज करते हुए साफ करें।

**3. नींबू और शहद का मिश्रण**

नींबू को प्राकृतिक ब्लीचिंग एजेंट माना जाता है और शहद त्वचा को हाइड्रेट रखता है। इसके लिए आप एक चम्मच शहद में आधे नींबू का रस मिलाएं। इसे गर्दन पर 15 मिनट लगाकर रखें। यह नुस्खा त्वचा के रंग को हल्का करने में बहुत कारगर है।

**4. आलू का रस**

आलू में कैटेकोलेज नामक एंजाइम होता है, जो काले घेरे और पिगमेंटेशन को खत्म करने में मदद करता है। एक कच्चा आलू घिसकर उसका रस निकाल लें। इसे रुई की मदद से गर्दन पर लगाएं और 10-15 मिनट बाद ठंडे पानी से धो लें।

**5. एलोवेरा जेल और कॉफी**

एलोवेरा त्वचा को ठंडक देता है, जबकि कॉफी एक बेहतरीन स्क्रब का काम करती है जो डेड स्किन को तुरंत हटा देती है।




### मेष

आज का दिन आपको अपने खर्चों को समझदारी से संभालने की सलाह देता है। यदि आप पहले से ही एक अच्छा बजट बनाकर चलेंगे, तो आर्थिक स्थिति संतुलित बनी रहेगी और अनावश्यक परेशानियों से भी बचाव होगा।

### वृष

आज आप अपनी आय को बढ़ाने के नए रास्तों पर खास ध्यान देंगे और भविष्य को सुरक्षित बनाने की योजना बनाएंगे। निवेश के मामले में भी आपका मन सक्रिय रहेगा और विशेष रूप से शेयर मार्केट में किया गया।

### मिथुन

आज का दिन आपको हर काम सोच-समझकर और सावधानी से करने की सलाह देता है। यदि पिछले कुछ समय से आपके करियर में कोई समस्या या रुकावट चल रही थी, तो आज उसमें सुधार देखने को मिल सकता है।

### कर्क

आज आप अपने आसपास के लोगों का विश्वास जीतने में सफल रहेंगे। आपका व्यवहार और आपकी ईमानदारी लोगों को प्रभावित करेगी, जिससे समाज और कार्यक्षेत्र में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

### सिंह

आज आपको अपने कामों के प्रति बिल्कुल भी लापरवाही नहीं दिखानी चाहिए। विशेष रूप से व्यापार से जुड़े लोगों को हर निर्णय सोच-समझकर लेना होगा।

### कन्या

आज का दिन आपके लिए किसी बड़ी उपलब्धि का संकेत दे रहा है। लंबे समय से जिस काम को लेकर आप मेहनत कर रहे थे, उसमें सफलता मिलने की संभावना है।

### तुला

आज का दिन आपको मेहनत और अनुशासन के साथ आगे बढऩे की प्रेरणा देता है। कामकाज में आपको पूरी लगन दिखानी होगी और छोटी-छोटी बातों में भी ध्यान देना होगा। यदि कोई छोटा व्यक्ति गलती कर देता है।

### वृश्चिक

आज का दिन आपके भीतर छिपी कला और प्रतिभा को निखारने का अवसर देगा। आप अपने कौशल को और बेहतर बनाने की कोशिश करेंगे और इसका सकारात्मक परिणाम भी देखने को मिलेगा।

### धनु

आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। परिवार से जुड़े मामलों पर आपको विशेष ध्यान देने की जरूरत होगी, क्योंकि आपके निर्णय पूरे परिवार को प्रभावित कर सकते हैं।

### मकर

आज का दिन सामान्य रूप से बीतने वाला है, लेकिन कुछ नए संपर्क आपके लिए लाभदायक साबित हो सकते हैं। आप अपने बड़ों की सेवा और सम्मान के लिए भी समय निकालेंगे, जिससे परिवार में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा।

### कुंभ

आज का दिन आपके लिए खुशी और आनंद से भरा रहने वाला है। आपके जीवन स्तर में धीरे-धीरे सुधार देखने को मिलेगा और आपको अपनी मेहनत का अच्छा परिणाम मिल सकता है।

### मीन

आज आप अपने कामों को पूरे आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ाएंगे। आपके प्रयासों को देखकर आपके बॉस भी प्रभावित होंगे और आप उनका भरोसा जीतने में सफल रहेंगे।

## रणथंभौर में मृत अवस्था में मिली बाघिन टी-94, लंग्स फेलियर बनी मौत की वजह



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** देश के सबसे बड़े टाइगर रिजर्व रणथंभौर नेशनल पार्क से रविवार को एक दुखद खबर सामने आई, जहां खंडार रेंज में विचरण करने वाली बाघिन टी 94 की मौत हो गई। बाघिन की मौत को लेकर रणथंभौर वन प्रशासन सहित वन्यजीव प्रेमियों में शोक की लहर है। जानकारी के मुताबिक आज सुबह जब वन विभाग की टीम खंडार रेंज में गस्त कर रही थी, तभी टीम को घोड़ा घाटी के नीचे वन क्षेत्र में बाघिन टी 94 मृत अवस्था में पड़ी हुई नजर आई। इसके बाद वनकर्मियों ने बाघिन की मौत की सूचना वन विभाग के अधिकारियों को दी। सूचना के बाद रणथंभौर वन प्रशासन के आलाधिकारी मौके पर पहुंचे और बाघिन के शव को कब्जे में लेकर राजबाग वन चौकी लाया गया. जहां वेटिनरी बोर्ड द्वारा गठित पशु चिकित्सकों ने बाघिन के शव का पोस्टमार्टम किया और पोस्टमार्टम के बाद एनटीसीए की गाइडलाइन के अनुसार वन एंव जिला प्रशासन के अधिकारियों की मौजूदगी में बाघिन के शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

**लंग्स फेलियर से मौत :** वेटिनरी डॉक्टर सीपी मीणा ने बताया कि प्रथम दृष्टया बाघिन की मौत का कारण लंग्स फेलियर लग रहा है। उन्होंने कहा कि बाघिन के लंग्स और लिवर सहित अधिकतर ऑर्गन्स खराब हो चुके थे। संभवतः इसी वजह से बाघिन की प्राकृतिक मौत हुई है। वेटिनरी डॉक्टर का कहना है कि पोस्टमार्टम के दौरान सैम्पल लिए गए है, जिन्हें लेब में जांच के लिए भेजा जाएगा. जांच रिपोर्ट आने के बाद ही बाघिन की मौत के सही कारणों का पता लग सकेगा। वहीं, रणथंभौर के डीएफओ मानस सिंह ने बताया कि बाघिन की उम्र तकरीबन 11 वर्ष थी. बाघिन टी-94 का विचरण क्षेत्र रणथंभौर की खंडार रेंज के ओंदी खोह, मूड घुसा, इंडाला, खटोला, कासेरा, बालाजी, घोड़ा घाटी, विंध्यकड़ा, फरिया आदि वन क्षेत्र में रहता था। डीएफओ ने बताया कि बाघिन का शव पूरी तरह सुरक्षित मिला था। डीएफओ ने बताया कि वेटिनरी डॉक्टर के मुताबिक बाघिन की मौत लंग्स फेलियर की वजह से हुई है। डॉक्टर्स द्वारा सैम्पल लिए गए है, जिन्हें जांच के लिए भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि बाघिन के शव का पोस्टमार्टम के बाद एनटीसीए की गाइडलाइन के अनुसार अंतिम संस्कार कर दिया गया है। इस दौरान डीएफओ सहित वन एंव प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे।

## टोंक में ड्रोन-सर्वे किया, घरों की छत पर मिले पत्थर:पुलिस ने दिए 3 दिन में हटाने के निर्देश; 15 लोगों से पूछताछ जारी

बढ़ता राजस्थान

**टोंक(पुरूषोत्तम जोशी)।** टोंक शहर में रविवार को पुलिस एक्शन मोड में नजर आई। पुलिस ने 2 दिन पहले हुई घटना के बाद ड्रोन सर्वे किया, जिसमें ऐसे घरों को चिन्हित किया गया,



जहां पत्थर रखे गए थे। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने सभी 20 मकान मालिकों को नोटिस देकर 3 दिन में छतों से पत्थर हटाने के निर्देश दिए। साथ ही ऐसा नहीं करने पर कानूनी कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी। दरअसल, 6 मार्च की देर रात देशवाली मोहल्ले में कहासुनी के बाद दो पक्षो में झगड़ा हुआ। एक पक्ष के लोगो ने वाल्मीकि बस्ती पर पथराव किया था। दूसरे पक्ष का आरोप है कि पथराव ओर से हुआ था। हालांकि इसमें किसी को गंभीर चोट नहीं आई थी, लेकिन माहौल तनावपूर्ण हो गया था। पुलिस ने मामले में 15 लोगों से पूछताछ की। 2 घंटे तक चला ड्रोन सर्वे पुरानी टोंक थाना प्रभारी नेमीचंद ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तो वहां कुछ लोगों ने पुलिस पर भी पथराव किया था। फिलहाल मामले में आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है। थाना प्रभारी के अनुसार-रविवार सुबह करीब 10 बजे करीब 2 घंटे देशवाली मोहल्ला, वाल्मिकी मोहल्ला, निवाई दरवाजा समेत आसपास के मकानों पर ड्रोन उड़ाकर सर्वे किया गया। ड्रोन के फुटेज देखें तो उसमें 20 मकानों पर पत्थर, ईंटों के टुकड़े दिखाई दिए है। इसे पुलिस सभी बीस मकान मालिकों को चिन्हित कर तीन दिन में ये आपत्तिजनक सामग्री खाली करने के नोटिस दिए है। क्षेत्र में पुलिस जाप्ता तैनात है। निगरानी रखी जा रही है।

## टोंक में प्राचीन परम्परा निभाने हजारों लोग पहुंचे महादेववाली शिवालय में लगा कोली समाज का मेला; बच्चों के विवाह और विकास पर की चर्चा

बढ़ता राजस्थान

**टोंक(पुरूषोत्तम जोशी)।** कोली समाज के पारम्परिक मेले रविवार को जिला मुख्यालय पर देश-प्रदेश से समाज के हजारों लोग शामिल हुए। टोंक में रंगपंचमी के अवसर पर कोली समाज



का पारम्परिक मेला रविवार को महादेववाली स्थित प्राचीन शिवालय परिसर में उत्साह और उल्लास के साथ आयोजित किया गया। मेले में टोंक सहित राजस्थान के विभिन्न जिलों के साथ-साथ मध्यप्रदेश और देश के अन्य हिस्सों से मेले में समाज के लोग एक-दूसरे से मिलकर सामाजिक रिश्तों को मजबूत करते नजर आए। खास तौर पर विवाह योग्य युवक-युवतियों के संबंधों को लेकर परिवारों के बीच चर्चा और परिचय का दौर भी चला।

**शिवालय में पूजा-अर्चना कर की समाज की सुख-समृद्धि की कामना :** महादेववाली शिव मेला समिति के अध्यक्ष और पूर्व पार्षद पंकज महावर ने अखिल भारतीय कोली समाज के जिलाध्यक्ष लेखराज महावर सहित अन्य पदाधिकारियों के साथ भगवान शिव की पूजा-अर्चना की। इस दौरान समाज और देश-प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की गई। मेला समिति अध्यक्ष पंकज महावर ने बताया - यह मेला प्राचीनकाल से आयोजित होता आ रहा है और भगवान आशुतोष भोलेनाथ को समर्पित है। समाज के लोग हर साल रंगपंचमी के अवसर पर यहां एकत्रित होकर धार्मिक और सामाजिक परम्पराओं को निभाते हैं। मेले में परम्परानुसार विवाह योग्य युवक-युवतियों के संबंधों को लेकर परिवारों के बीच आपसी चर्चा भी की गई। समाज के कई परिवारों ने आपस में मिलकर परिचय किया और संभावित रिश्तों पर बातचीत की।

# टोंक में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह का समापन समारोह आयोजित, उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं व संस्थाओं का सम्मान

बढ़ता राजस्थान



**टोंक (पुरूषोतम जोशी)** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह कार्यक्रमों के समापन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी परशुराम धानका,कमल सोनी मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, टोंक, निवर्तमान जिला प्रमुख सरोज बंसल, मैरिंगटन सोनी, सहायक निदेशक महिला अधिकारिता विभाग, सरोज मीणा उपनिदेशक समेकित बाल विकास विभाग,विजेंद्र सिंह सोलंकी, संयुक्त निदेशक, कृषि विस्तार, टोंक एवं छोटूलाल जी बैरवा, संयुक्त निदेशक, पशुपालन विभाग ,अंजलि गुप्ता भाजपा महिला मोर्चा संयोजक, टोंक द्वारा मां शारदा के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। आज के इस जिला स्तरीय कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के राज्य स्तरीय कार्यक्रम का भी वीसी के माध्यम से प्रसारण किया गया। उल्लेखनीय है कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह कार्यक्रमों का 4 मार्च 2026 से शुभारम्भ हुआ, जिसमें मीडिया प्रतिनिधियों और गैर सरकारी समाज सेवी संगठनों के साथ विभागीय योजनाओं के व्यापक प्रचार हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया।5 मार्च 2026 , गुरुवार के कार्यक्रम का आयोजन सभी ग्राम पंचायतों पर एमसीएचएन डे के साथ किया गया। जिले की समस्त ग्राम पंचायतों पर ग्राम साथिनो द्वारा विशेष जाजम आयोजित की गई, जिसमें पोषण एवं स्वास्थ्य विषय पर चर्चा की गई।6 मार्च को विभिन्न ब्लॉक स्तरीय आयोजन किया गए, जिनमें टोंक एवं अलीगढ़ में आयोजित जागरूकता रैली और मालपुरा में पुलिस विभाग के सहयोग से आयोजित आत्म रक्षा प्रशिक्षण प्रमुख रहे।

इसी श्रृंखला में 7 मार्च 2026 को जिला स्तरीय उद्यमिता प्रोत्साहन कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सहायता विधिक जागरूकता के विषय पर भी कार्यशाला उद्यमिता प्रोत्साहन कार्यशाला के साथ आयोजित की गई। कार्यक्रम में टोंक शहर से यूपीएससी में 37 वीं रैंक प्राप्त करने वाली सुश्री साक्षी जैन को भी सम्मानित किया गया। सुश्री साक्षी जैन ने आज की सभा को संबोधित करते हुए महिला सशक्तिकरण हेतु आर्थिक स्वावलंबन के महत्व को रेखांकित किया। सभा को संबोधित करते हुए बाल विवाह और दहेज जैसे समस्याओं पर सामाजिक समझ विकसित करने के लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, साथिनो के महत्वपूर्ण भूमिका पर विचार व्यक्त किए। इन्हीं कार्यक्रमों के साथ वर्ष 2025-26 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले मानदेय कर्मियों, संस्थाओं अन्य स्टेकहोल्डर के सम्मान एवं प्रोत्साहन कार्यक्रम का आयोजन आज के समापन समारोह के साथ किया गया। प्रोत्साहन एवं सम्मान समारोह के अंतर्गत पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान योजना पुरस्कारों के अन्तर्गत संस्थागत एवं व्यक्तिगत श्रेणी में शिव शिक्षा समिति पीपलू प्रथम, ग्राम साथिन यशोदा प्रजापति, डारडा तुर्की पीपलू द्वितीय, रोशनी बैरवा, मेहंदवास तृतीय स्थान पर रहे। महिला एवं बाल विकास कर्मी श्रेणी में अमृता सुथार, ग्राम साथिन दाखिया,ब्लॉक टोंक ग्रामीण, विजयलक्ष्मी कुलदीप, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, वार्ड नं 2, निवाई शहर, सुनीता बैरवा, वनस्थली 2ठ्ठस्र, निवाई तथा मैना कुमारी कोली, आशा सहयोगिनी, केंद्र संख्या 77 टोंक शहर को पुरस्कृत किया गया। इसी के साथ समेकित बाल विकास सेवाओं में वर्ष 2025-26 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले मानदेयकर्मियों आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को माता यशोदा पुरस्कार भी प्रदान किए गए।कार्यक्रम का सफल मंच संचालन प्रदीप पंवार, राष्ट्र कवि , टोंक ने किया। कार्यक्रम में ट प्रज्ञा मोटवानी, रामेश्वर डूडी, नरेश मीणा, पर्यवेक्षक, महिला अधिकारिता टोंक, आशा शास्त्री, अरुणा शर्मा, सविता गुर्जर, मंजू चौधरी, काउंसलर पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान केंद्र, भावना सक्सेना, जेंडर स्पेशलिस्ट, एचईडब्लू, के साथ साथ टोंक जिले की समस्त साथिने भी उपस्थित रहीं।

## प्रेम विवाह से नाराज़ परिजनों पर अपहरण व मारपीट का आरोप, पीड़िता ने पुलिस से मांगी सुरक्षा

बढ़ता राजस्थान




**टोंक(पुरूषोत्तम जोशी)।** टोड़ारायसिंह थाना क्षेत्र के गांव खेडुल्या खुर्द में प्रेम विवाह को लेकर रंजिशवश अपहरण कर मारपीट करने तथा जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट पीडि़ता ने पुलिस में दर्ज कराई है। पीडि़ता की ओर से पुलिस में दर्ज रिपोर्ट में बताया कि पीडि़ता ने अपने ही गांव के सजाति युवक से 2023 में प्रेम विवाह किया है, उसके बाद से ही दोनों पति-पत्नी टोडारायसिंह कस्बे में रह रहे हैं। मेरे पीहर पक्ष वाले मुझे और मेरे पति गणेश गुर्जर को लगातार जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। इसी से पीडि़ता पति के साथ टोडारायसिंह रह रहीं हैं और दोनों के एक संतान भी है। गत 4 मार्च को मेरे पति अपनी मौसी के घर से आ रहे थे, कि कृषि उपज मंडी के पास घात लगाकर बैठे आरोपी दिलराज गुर्जर, रोहित गुर्जर, लेखराज गुर्जर तीनों निवासी खेडुल्या खुर्द, मनीष गुर्जर बगड़ी, नाथूलाल गुर्जर गोलहेडा शिफ्ट डिजायर गाड़ी में आए और बीच रास्ते में मारपीट करने लगे तथा जान से मारने की नियत से धमकी देते हुए गाड़ी में डाल कर श्रीनगर घारेडा की ओर ले गए। इसी बीच मेरे ससुराल वालों को जानकारी मिलने पर पीछा किया और घारेडा गए। सभी को आते देख आरोपी भाग छुटे। रिपोर्ट में पीडि़ता ने बताया कि जबकि मेरे ससुराल पक्ष वाले ने 27 जून 2023 को पीहर पक्ष को 7 लाख 41 हजार रुपए नकद बतौर खर्चा दिया है। पीडि़ता ने बताया कि जब से मैंने प्रेम विवाह किया है, तब से ही मेरे पीहर वाले जान से मारने की धमकियां दे रहे हैं। घटना के बाद से ही पीडि़ता और पति डरें हुए हैं। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने से हौसले बुलंद हैं। रिपोर्ट में बताया कि कठोर कार्रवाई नहीं हुई तो कभी भी बड़ी घटना होने की संभावना बनी रहती है। पीडि़ता ने पुलिस से सुरक्षा तथा कार्रवाई करने की मांग की है।

## गौर गौर गौमती, ईसर पूजे पार्वती

## घर-घर गूंज रही है ईसर की महक

बढ़ता राजस्थान



**निवाई (का.स.)।** शहर के श्री चारभुजाजी मंदिर सहित ग्रामीण क्षेत्र के सभी मंदिरों व घरों में नव विवाहित महिलाएं व कन्याएं सामूहिक रूप से गणगौर का पूजन कर रही है। उलेखनीय है कि आस्था और श्रद्धा के साथ धुलंडी के दिन से महिलाएं गणगौर का पूजन कर रही है। यह एक ऐसा महोत्सव है, जिसकी महक 16 दिन तक घर-घर के वातावरण को महकाती रहती है। श्री चारभुजाजी मंदिर सहित कई मंदिरों व घरों में महिलाएं व कन्याएं गणगौर का पूजन कर रही है। घरों में गौर गौर गौमती, ईसर पूजे पार्वती, गौर गौर माता गणगौर, गौर गौर गोमती, माता खोल खिडगी सहित कई गीतों की गूंज सुनाई देने लगी है। होलिका दहन की रज से प्रतिष्ठापित गण की पूजा से शुरू होने वाले इस 16 दिवसीय पूजन कार्यक्रम में शीतला माता पूजन के साथ महिलाओं द्वारा अभिमंत्रित गौरी माताजी का पूजन किया जा रहा है। गणगौर की प्रतिमा सृजित का झुहारा, शुद्ध जल, फूल, रोली-मोली व चावल से पूजा करके कई अन्य मिष्टान के पकवानों के साथ गौरी की पूजा की जा रही है। 16 दिवसीय त्यौहार को लेकर लगातार रोजाना कन्याओं एवं महिलाओं द्वारा समूह में सामूहिक गीत गाए जा रहे है। इस बार 21 मार्च को गणगौर का पर्व मनाया जाएगा। इस बीच 11 मार्च को शीतलाअष्टमी पूजन व 13 मार्च को दशमाता का व्रत भी रखा जाएगा। यह व्रत चैत्र मास के कृष्ण पक्ष की दशमी तिथि को रखा जाता है। इस दिन महिलाएं घर की दशा सुधारने और सुख-समृद्धि के लिए पीपल के पेड़ की पूजा करती हैं और गले में पवित्र डोरा धारण करती हैं।



## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवसः 'अस्मिता' प्रतियोगिता में महिलाओं ने दिखाई प्रतिभा

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर रविवार को जिला मुख्यालय स्थित दशहरा मैदान में 'अस्मिता' खेल उत्सव का आयोजन उत्साह और उमंग के साथ किया गया। प्रतियोगिता में जिले की बालिकाओं और महिलाओं ने बढ़-चढक़र भाग लेते हुए अपनी खेल प्रतिभा और आत्मविश्वास का परिचय दिया। माय भारत केंद्र, भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) एवं जिला खेल अधिकारी कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित प्रतियोगिता तीन आयु वर्ग 13 वर्ष से कम, 13 से 18 वर्ष तथा 18 वर्ष से अधिक में संपन्न हुई। प्रत्येक आयु वर्ग में 100 मीटर, 200 मीटर और 400 मीटर दौड़ प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इसके साथ ही टीम भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से रस्साकस्सी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता के परिणामों में 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की 100 मीटर दौड़ में प्रिया बैरवा प्रथम, मधु मीना द्वितीय तथा राज कांता तृतीय रही। 200 मीटर दौड़ में प्रिया बैरवा प्रथम, मधु मीना द्वितीय और सोनिया मीना तृतीय स्थान पर रही, जबकि 400 मीटर दौड़ में संजीता गुर्जर प्रथम, कल्पना द्वितीय तथा सपना मीना तृतीय स्थान पर रही। 13 से 18 वर्ष आयु वर्ग में 100 मीटर दौड़ में अवनिका राठौड़ प्रथम, नंदिका शर्मा द्वितीय तथा कुमकुम चौहान तृतीय रही। 200 मीटर दौड़ में अवनिका राठौड़ प्रथम, रीना गुर्जर द्वितीय तथा नंदिका शर्मा तृतीय स्थान पर रही, जबकि 400 मीटर दौड़ में आरती कुमार प्रथम, अवनिका राठौड़ द्वितीय और कुमकुम चौहान तृतीय रही।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवसः महिला सशक्तिकरण से जुड़ी योजनाओं के लाभार्थी सम्मानित

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर रविवार को महिला अधिकारिता विभाग द्वारा राजीव गांधी क्षेत्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय, रामसिंहपुरा के ऑडिटोरियम में जिला स्तरीय समारोह का आयोजन किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि जिला कलक्टर काना राम, अतिरिक्त जिला कलक्टर संजय शर्मा, संयुक्त निदेशक अमित गुप्ता ने मुख्यमंत्री नारी शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत सवाई माधोपुर निवासी केशन्ती मीना को 6.66 लाख रुपये तथा मेघा शर्मा को 2.50 लाख रुपये के ऋण अनुदान स्वीकृति चेक प्रदान किए। वहीं मुख्यमंत्री लखपति दीदी योजना अंतर्गत 'राजस्थान महिला निधि क्रेडिट कोऑपरेटिव फेडरेशन लिमिटेड ' द्वारा राजीविका स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को एक करोड़ रुपये का चेक प्रदान किया गया। इसी प्रकार प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत राममूर्ति जाट, ज्योति वर्मा, शाहिना और रिंकी सैनी को 5-5 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि के चेक प्रदान किए गए। साथ ही मुख्यमंत्री निःशुल्क साइकिल वितरण योजना के तहत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नयापुरा की कक्षा 9 की छात्राओं दिव्या बैरवा और खुशी सैनी को निःशुल्क साइकिल वितरित की गई। कार्यक्रम के दौरान महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली साथिनों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं, आशा सहयोगिनियों तथा अन्य महिलाओं को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। महिला अधिकारिता विभाग के अंतर्गत प्रत्येक ब्लॉक से उत्कृष्ट कार्य करने वाली साथिनों में धौली बाई गुर्जर (राजवाना, चौथ का बरवाड़ा), मीरा सोनी (श्योरौली, गंगापुर सिटी), रेणु शर्मा (बहरावंडा कला, खंडार), अनोखी देवी शर्मा (तारनपुर, मलारना डूंगर), सुमन बाई माली (बौराड़ा, बामनवास), गुलाब देवी (पचीपल्या, सवाई माधोपुर) तथा आशा देवी शर्मा (कोडय़ाई, बौंली) को मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान समेकित बाल विकास सेवाएं विभाग के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं को माता यशोदा पुरस्कार के रूप में क्रमशः 5100 रुपये एवं 2100 रुपये की राशि डीबीटी के माध्यम से प्रदान की गई तथा मोमेंटो व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इनमें खंडार से पार्वती देवी बैरवा एवं राधा देवी, चौथ का बरवाड़ा से गीता जांगिड़ एवं संतोष शर्मा, मलारना डूंगर से खुशबीना बानो एवं अंजना खटीक, बौंली से सावित्री शर्मा एवं रेखा देवी, गंगापुर सिटी से ललिता मीना एवं कृष्णा मीना, बामनवास से लोटन्ता गुर्जर एवं इमरती सैनी तथा सवाई माधोपुर से प्रीति बाला एवं फोरन्ता मीना शामिल रहीं। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की छात्राओं द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गई। इस अवसर पर डीओआईटी के संयुक्त निदेशक पंकज मीना, उप निदेशक महिला एवं बाल विकास प्रियंका शर्मा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सत्यनारायण धाकड़, जिला प्रभारी मुकेश शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, साथिन, आशा सहयोगिनी तथा बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

# उपेक्षा से फूटा विधायक का गुस्सा, अधिकारी पर गिरी गाज

## पशुपालन विभाग के अधिकारी को तत्काल किया एपीओ

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही (नि.स.)।** पशुपालन विभाग में संयुक्त निदेशक का पद संभाल रहे रेवदर के अधिकारी को तत्काल प्रभाव से एपीओ किया गया है। आदेशों की प्रतीक्षा में रखते हुए उनका मुख्यालय जयपुर कर दिया है। उन्हें आबू-पिण्डवाड़ा विधायक समाराम गरासिया की नाराजगी का खामियाजा भुगतना पड़ा है। शनिवार को मंडार में शुरू हुए लीलाधारी पशु मेले में पहुंचे विधायक अपनी उपेक्षा से नाराज थे। वे जिलास्तरीय कार्यक्रम को बीच में ही छोड़ निकल गए थे। साथ ही पशुपालन विभाग मंत्री को भी जानकारी दी। विधायक की नाराजगी को देखते हुए विभाग ने संयुक्त निदेशक डॉ.अमितकुमार को तत्काल एपीओ कर दिया। अब कामठे चांगदेव सोपान को संयुक्त निदेशक का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है।

### अपनी उपेक्षा से क्षुब्ध दिखे विधायक

उल्लेखनीय है कि लीलाधारी पशु मेले में आए विधायक समाराम गरासिया ने नाराजगी जताई थी। उनका कहना रहा कि प्रोटोकॉल के लिहाज से उनका जो सम्मान होना चाहिए था वह नहीं हो पाया। उनका आरोप था कि वे चार बार के विधायक हैं एवं अपनी सरकार में ही पहली बार इतनी उपेक्षा झेली जितनी कांग्रेस के शासन काल में भी कभी नहीं हुई।

### आखिर किसकी शह पर प्रारंभिक बदलाव

वैसे जिलास्तरीय पशु मेले को देखते हुए रेवदर में कार्यरत उप निदेशक को जिला मुख्यालय पर संयुक्त निदेशक का कार्यभार सौंपा गया। मेले में मामला बिगड़ा तो एपीओ कर दिया। अब जिनको संयुक्त निदेशक पद का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है वे पहले से ही मुख्यालय पर कार्यरत हैं। जब उप निदेशक स्तर के अधिकारी पहले ही संयुक्त निदेशक कार्यालय में कार्यरत थे तो रेवदर में पदस्थापित अधिकारी को कार्यभार सौंपने के पीछे क्या औचित्य था, यह समझ से परे ही है। प्रारंभ में कार्यभार का बदलाव किसकी शह पर हुआ यह कहना मुश्किल है।



### मेले में हुई ऊंट-ऊंटनी प्रतियोगिता

मंडार में आयोजित लीलाधारी महादेव पशु मेले में रविवार को विभिन्न प्रतियोगिताएं हुई। इसमें उड़वारिया के उकाराम देवासी के ऊंट व मंडार के गोकलाराम की ऊंटनी ने पहला स्थान हासिल किया। आयोजन समिति के अनुसार मकावल के गोदाराम व आमलिया के जोगाराम का ऊंट एवं भटाणा के भूराराम व प्रभुराम की ऊंटनी क्रमशः दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे। प्रतियोगिता में नर ऊंट में कुल तीन व मादा में कुल 16 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

## मोनालिसा क्लब द्वारा फोटोग्राफी कार्यशाला का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** मोनालिसा कैमरा क्लब द्वारा रविवार को अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में नेहरू गार्डन में फोटोग्राफी कार्यशाला का आयोजन किया गया। क्लब की अध्यक्षा तमन्ना सुहालका व सचिव वैशाली मोटवानी के नेतृत्व में क्लब की सदस्याओं को फोटोग्राफर ऋषभ जैन द्वारा फोटोग्राफी की बारीकियों की जानकारी दी गई,साथ ही लेडी पेट्रोल टीम द्वारा महिला अधिनियम के बारें में सभी को अवगत कराया गया। क्लब की संरक्षक अनुपना,दीपा,साधना व मनीषा सहित अन्य सदस्यों ने भाग लिया।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महावीर जैन जागृति परिषद महिला प्रकोष्ठ द्वारा प्रदर्शनी आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर हिरण मगरी उपनगरीय परिक्षेत्र सकल जैन समाज की प्रतिनिधि संस्था महावीर जैन जागृति परिषद के महिला प्रकोष्ठ द्वारा एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महिलाओं की प्रतिभा एवं उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 45 से अधिक स्टॉलों की आकर्षक प्रदर्शनी आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न हस्तशिल्प, हस्तनिर्मित वस्त्र, गिफ्ट व शो-पीस, स्वादिष्ट व्यंजन, चॉकलेट व कुकीज, आयुर्वेदिक उत्पाद, डिजाइनर कपड़े, मसाले, घरेलू उत्पाद एवं अन्य उपयोगी वस्तुओं का प्रदर्शन एवं विक्रय किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन महिला समृद्धि बैंक की अध्यक्षा किरण जैन, भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती पिंकी मंडावत, वैज्ञानिक एवं समाजसेवी श्रीमती प्रिया परसोया तथा एजुकेशन हब की वीणा कुँवर द्वारा फीता काटकर किया गया। उद्घाटन के पश्चात अतिथियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर संरक्षक डॉ. गरिमा धींग एवं संयोजिका चंचल माण्डावत, अध्यक्ष वंदना बाबेल तथा सचिव विद्या खटवड़ ने अतिथियों का तिलक, उपरणा पहनाकर स्वागत किया तथा स्मृति-चिन्ह भेंट किए। इस अवसर पर परिषद की कोर कमेटी के सदस्य डॉ. हिम्मतलाल वया, सुशील बांठिया, आर.सी. मेहता, अरुण बया, राजेन्द्र डागा, राजेन्द्र अखावत, हेमंत पामेचा, दिनेश नंदावत एवं आनंदीलाल बम्बोरिया उपस्थित रहे। उन्होंने प्रदर्शनी का अवलोकन किया, स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लिया तथा सहभागी उद्यमी महिलाओं एवं महिला प्रकोष्ठ की सभी सदस्यों का उत्साहवर्धन करते हुए शुभकामनाएँ दीं।

## वसुंधरा राजे के जन्मदिन पर सुंदरकांड पाठ- धौलपुर में हुआ हवन, दीर्घायु की कामना

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (नि.स.)।** धौलपुर में पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसुंधरा राजे के जन्मदिन के उपलक्ष्य में रविवार को एक धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। शहर के रामचंद्र छावनी स्थित हनुमान मंदिर में सुंदरकांड पाठ और हवन किया गया, जिसमें उनकी दीर्घायु और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की गई। कार्यक्रम की शुरुआत विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ हुई। इसके बाद श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से सुंदरकांड का पाठ किया। धार्मिक अनुष्ठान के दौरान हवन में आहुति देकर वसुंधरा राजे की लंबी उम्र, अच्छे स्वास्थ्य और उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस कार्यक्रम के मुख्य यजमान ठेकेदार मुरारी सिंगल और उनकी धर्मपत्नी थीं। सुंदरकांड पाठ का आयोजन योगेश कुमार शास्त्री के सानिध्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर पूर्व राज्य मंत्री जगमोहन सिंह बघेल, पूर्व जिला अध्यक्ष बहादुर सिंह त्यागी, पूर्व युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष बॉबी परमार, उपसभापति निशांत चौधरी, पूर्व नेता प्रतिपक्ष शर्मा, बॉबी और अकील अहमद सहित भाजपा के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण किया गया। मंदिर परिसर में पूरे समय भक्ति और उत्साह का वातावरण बना रहा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने धार्मिक अनुष्ठान में भाग लिया।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर मरुधरा सेवा संस्थान द्वारा विशेष कायक्रम का आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**पाली (नि.स.)।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राजस्थान राज्य एड्स नियंत्रण सोसायटी के अधीन संचालित लक्षित हस्तक्षेप परियोजना के तहत मरुधरा सेवा संस्थान द्वारा पाली स्थित लाखोटिया गार्डन में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना, उनकी उपलब्धियों का सम्मान करना तथा समाज में उनकी सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करना था।

इस अवसर पर महिलाओं के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया, जिससे महिलाओं में उत्साह और आत्मविश्वास का संचार हुआ। कार्यक्रम के समापन अवसर पर महिलाओं ने आपसी भाईचारे, खुशी और एकता का संदेश देते हुए होली खेलकर फाग उत्सव मनाया। रंगों के इस उत्सव ने कार्यक्रम में मौजूद सभी प्रतिभागियों के बीच आनंद और सकारात्मक ऊर्जा का वातावरण बना दिया।

इस अवसर पर मरुधरा सेवा संस्थान के परियोजना निदेशक जगदीश जीतरवाल ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओं का सशक्तिकरण समाज के समग्र विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने महिलाओं को उनके अधिकारों, स्वास्थ्य, शिक्षा और जागरूकता से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों की जानकारी दी तथा उन्हें समाज में आगे बढ़ने और अपनी क्षमताओं को पहचानने के लिए प्रेरित किया।

## नायकान बस्ती में सीवरेंज लाइन का काम शुरू

### सलीम खोखर के प्रयास से हुआ काम

बढ़ता राजस्थान



**झुंझुनूं (नि.स.)।** शहर के वार्ड नंबर 35 में स्थित नायकान बस्ती के निवासियों के लिए राहत भरी खबर है। बस्ती में सीवरेज लाइन का काम शुरू हो गया है। स्थानीय लोगों ने बताया के लंबे समय से सीवरेज लाइन डाली होने के बावजूद सीवरेज का कनेक्शन नहीं जोड़ा गया था, जिससे वार्डवासियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। लेकिन सलीम खोखर के प्रयास बस्ती में सीवरेज लाइन का कनेक्शन जोड़ने का काम शुरू हो गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि काफी समय से इस काम की मांग की जा रही थी, लेकिन अब सलीम खोखर के प्रयास से यह कार्य शुरू हुआ है, जिससे बड़ी राहत मिलेगी। वार्डवासियों ने इस पहल के लिए सलीम खोखर का आभार जताया है।

सलीम खोखर ने बताया कि सीवरेज लाइन तो डाली हुई थी, लेकिन पाइप लाइन का कनेक्शन नहीं होने से वार्डवासी परेशानी का सामना के रहे थे। लेकिन अब जल्द ही राहत मिलेगी।

## करमपुरा झगड़े के बाद एक पक्ष के लोगो का घरो से पलायन

### पुलिस प्रशासन से मामले में निष्पक्ष जांच और कार्यवाही की मांग, एक महिला की हुई है मौत



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** शहर के गुमट मोहल्ले के करमपुरा में 4 मार्च को होली के दिन एक ही मोहल्ले के दो पक्षों के बीच बच्चों के विवाद में झगड़ा हुआ था। उक्त झगड़े के दौरान दोनों पक्षों में लाठी-भाटा जंग हुई। जिसमें दोनों पक्षो के करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गए। घायलों में से एक महिला की ग्वालियर में 2 दिन बाद उपचार के दौरान मौत हो गई। मामले में दोनों पक्षों द्वारा कोतवाली थाने में रिपोर्ट दी गई है। जिसमे कोतवाली पुलिस मामले की जांच कर रही है।

करमपुरा झगड़े को लेकर एक पक्ष के रामलाल कुशवाहा का कहना है कि उसका पुत्र बबलू खेत पर जा रहा था। इस दौरान जगदीश पक्ष के लोगों ने रोक कर उसकी मारपीट की जब विरोध किया तो झगड़ा बढ़ गया। जिसमें दोनों पक्षों में लाठी-भाटा जंग हुई।

उन्होंने बताया की झगड़े को लेकर दूसरे पक्ष के जगदीश कुशवाहा ने जो आरोप लगाया है कि हमले में उसकी पत्नी नत्थो बाई घायल हुई । जिसका ग्वालियर में उपचार के दौरान निधन हो गया। वह गलत है। झगड़े के दौरान कोई महिला घायल नहीं हुई थी ना ही किसी महिला पर हमला हुआ था।

# अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस का हुआ आयोजन

### उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं सहायिकाओं, सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली बालिकाओ सहित अन्य का किया सम्मान

बढ़ता राजस्थान




**धौलपुर (राजू शर्मा)।** अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस प्रतिवर्ष 8 मार्च को विश्व के विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के प्रति सम्मान, प्रशंसा और प्रेम प्रकट करते हुए महिलाओं के आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक उपलब्धियों एवं कठिनाइयों की सापेक्षता के उपलक्ष्य में उत्सव के तौर पर मनाया जाता है। इसी क्रम में नगर परिषद सभागार मचकुंड रोड धौलपुर में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के जिला स्तरीय समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत, भाजपा नेत्री नीरजा अशोक शर्मा, भाजपा नेता शिवचरण कुशवाह, एसडीएम सरमथुरा अलका श्रीवास्तव, एसडीएम सैंपऊ वंशीधर योगी रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदे की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर हुआ।

जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी ने उपस्थित मातृ शक्ति को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारी संस्कृति यत्र नार्यस्तु पूज्यंते रमन्ते तत्र देवता की विचारधारा की है इसलिए जहां नारी का सम्मान है वहां देवत्व है।

भाजपा नेत्री नीरजा अशोक शर्मा ने कहा कि महिला आज सरपंच से लेकर राष्ट्रपति जैसे बड़े पदों पर विराजित हैं इससे बड़ी महिला सशक्तिकरण की मिशाल कोई हो नहीं सकती। भाजपा नेता शिवचरण कुशवाह ने सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डाला। एसडीएम सरमथुरा अलका श्रीवास्तव ने कहा कि महिलाएं देश की आधी आबादी है इसलिए अपनी महत्ता समझते हुए देश के विकास में अपनी भूमिका अदा करें। इस अवसर पर 12 मानदेय कार्मिकों को माता यशोदा पुरस्कार, 4 कार्मिकों व महिला बाल विकास में कार्य कर रहीं 3 संस्थाओं को पन्नाधाय पुरस्कार दिया साथ ही 25 ऐसी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका व साथिन को सम्मानित किया । सहायक निदेशक भूपेश गर्ग ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। मंच संचालन लेखाधिकारी मांगीलाल आर्य ने किया। इस अवसर पर सीपीओ भरत राव, अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी गौरव मीना, सीडीपीओ राजाखेड़ा अविनेश कुमार, बाड़ी सीडीपीओ अर्पित श्रीवास्तव, अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी भगवान सिंह कुशवाह, सहायक प्रशासनिक अधिकारी नरेंद्र मीना, अंकुर शर्मा, दिनेश कुशवाह, अजय मीना, बनवारी कुंतल, जितेंद्र शर्मा, कनुप्रिया कौशिक, सुपरवाइजर योगेश चौधरी, मिथलेश मीना, राहुल प्रसाद, शशि कुमार, कुंजी लाल इत्यादि उपस्थित रहे।

# शहर के हाइवे पर दो जगह हुई सड़क दुर्घटना, तीन घायल

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** शहर से गुजर रहे हाईवे 11बी पर दो अलग-अलग स्थान पर शनिवार को दो सड़क हादसे सामने आए हैं। पहले सड़क हादसा सरमथुरा रोड पर सुन्नीपुर गांव के पास हुआ। जहां अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। धौंध गांव से लौट रहे बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने जब घायल किया तो सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से बाड़ी अस्पताल भर्ती कराया गया। वहीं दूसरी सड़क दुर्घटना धौलपुर रोड पर तालाबशाही के पास हुई। जहां तूड़ी से भरे ट्रैक्टर से मुतावली गांव निवासी बाइक सवार टकरा गए। दोनों को घायल अवस्था में बाड़ी अस्पताल लाया गया। जहां से धौलपुर रेफर किया है।

वहीं दूसरी दुर्घटना तालाबशाही के पास हुई मुतावली गांव निवासी प्रदीप पुत्र महेश गुर्जर और सतीश पुत्र रामभरोसे गुर्जर बाड़ी आ रहे थे। इस दौरान तूड़ी से भरे ट्रैक्टर से उनकी भिड़न्त हो गई। दुर्घटना में दोनों घायल हो गए। जिन्हें मौके पर मौजूद लोगों की सूचना पर पहुंचे परिजनों द्वारा बाड़ी अस्पताल में भर्ती कराया गया। दोनों घायलों को गंभीर हालत होने के चलते प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल धौलपुर रेफर किया है।

## उदयपुर के बेटे लेफ्टिनेंट दिव्यराज सिंह राठौड़ का भव्य स्वागत, जगदीश चैक में गूंजे देशभक्ति के नारे



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** मेवाड़ की धरती के लिए गौरव का क्षण उस समय देखने को मिला जब उदयपुर निवासी लेफ्टिनेंट दिव्यराज सिंह राठौड़ भारतीय सेना में कमीशन प्राप्त करने के बाद पहली बार अपने घर उदयपुर पहुंचे। शहर में उनके आगमन पर परिवारजनों और शहरवासियों ने जोरदार स्वागत कर उन्हें सम्मानित किया। लेफ्टिनेंट राठौड़ के स्वागत को लेकर शहर में उत्साह का माहौल देखने को मिला। शहर के ऐतिहासिक जगदीश चैक में बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हुए और फूल मालाओं के साथ उनका स्वागत किया। इस दौरान उन्हें पारंपरिक मेवाड़ी पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। जगदीश चैक पहुंचने से पहले रास्ते में कई स्थानों पर लोगों ने आतिशबाजी कर और पुष्प वर्षा कर उदयपुर के इस बेटे का अभिनंदन किया।

स्थानीय युवाओं और नागरिकों ने ढोल-नगाड़ों के साथ जुलूस निकालते हुए लेफ्टिनेंट राठौड़ का स्वागत किया। स्वागत समारोह के दौरान पूरे क्षेत्र में देशभक्ति का माहौल बन गया। उपस्थित लोगों ने 'भारत माता की जय', 'हिंदुस्तान जिंदाबाद' और 'जय हिंद की सेना' जैसे नारों से माहौल को देशभक्ति से सराबोर कर दिया। इस अवसर पर शहर के कई गणमान्य नागरिक, युवा और सामाजिक संगठन के सदस्य भी मौजूद रहे।

# केलवा-आमेट रोड पर सीसी सड़क पर डाली मिट्टी बनी परेशानी, पानी का छिड़काव नहीं होने से उड़ रही धूल

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** केलवा-आमेट रोड पर हाल ही में बनी सीसी सड़क के ऊपर पकाने के लिए जो मिट्टी डाली गई है मिट्टी अब राहगीरों और स्थानीय लोगों के लिए परेशानी का कारण बन गई है। सड़क पर डाली गई मिट्टी पर पानी का छिड़काव नहीं होने से सूखी मिट्टी के गुब्बारे बनकर हवा में उड़ रहे हैं, जिससे क्षेत्र में धूल का गुबार फैल रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि दिनभर वाहनों की आवाजाही के कारण मिट्टी उड़कर आसपास के घरों और दुकानों तक पहुंच रही है। इससे राहगीरों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। धूल के कारण लोगों को सांस लेने में परेशानी हो रही है और दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। रात में चलने वाले दो पहिया वाहनों को आगे कुछ दिखाई नहीं दे रहा है जिससे कुछ बड़ा हादसा होने की आशंका बनी हुई है। वहीं राहगीरों ने बताया कि निर्माण कार्य के दौरान मिट्टी को नियमित रूप से पानी का छिड़काव किया जाना चाहिए, लेकिन यहां ऐसा नहीं किया जा रहा है। संबंधित विभाग की लापरवाही के चलते लोगों को अनावश्यक परेशानी झेलनी पड़ रही है।स्थानीय लोगों ने प्रशासन और संबंधित विभाग से मांग की है कि सड़क पर डाली गई मिट्टी पानी का छिड़काव करवाया जाए, ताकि धूल उड़ने की समस्या से राहत मिल सके।

### इनका कहना है

सीसी सड़क का कार्य का समय पूरा हो गया है, जल्द ही सड़क से मीठी उठवाई जाएगी।

**नवनीत कुमार**
**पीडब्ल्यूडी विभाग कार्यकारी अभियंता**
**खण्ड आमेट**



## राजे के अवतरण दिवस पर सामूहिक हनुमान चालीसा



बढ़ता राजस्थान

**झालावाड़ ( सुरेश मोमिया )।** राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्षा वसुंधरा राजे के जन्मदिन के अवसर पर झालावाड़ भाजपा मंडल की ओर से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मंडल अध्यक्ष ने बताया की सबसे पहले कार्यक्रम में सुबह दस बजे सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया मंशापूर्ण बालाजी मंदिर परिसर, इसके बाद गौ माता को गुड एवं चारा वितरण किया गया श्री कृष्ण गौशाला जा कर उसके बाद मे मानसिक विमंदित बच्चों को भोजन प्रसादी वितरण किया गया। साई विमंधित आवासीय विद्यालय दरबार कोठी परिसर झालावाड़ जा कर, इस अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ नेता आर पी एस सी के पूर्व चेयरमैन, भाजपा जिलाध्यक्ष हर्ष वर्धन शर्मा, जिलाउपाध्यक्ष संदीप शौत्रिय, चंद्र मोहन दाभाई, जिला मंत्री प्रकाश वर्मा, जयदीप सिंह झाला, यातन यादव, राम पाटीदार, नवल प्रजापति, मण्डल महामंत्री अनिल सुमन, दीपांकार नागर, इनाम जफर, अक्षत पाटीदार, संजय वर्मा, सत्यप्रकाश सेन, धीरज कोठारी, ज्योति शर्मा, ममता शर्मा, मनोज गुर्जर, हेमंत शर्मा, द्वारका प्रजापति, राजेंद्र सुमन, हेमराज कश्यप, जीतू कश्यप, पंकज शर्मा, आदित्य राज, रईस चौधरी, उपेश वाजपेई, कुंदन पंवार, सुरेश मेरेठा, आकाश, अशोक कहार, हरी सिंह यादव, सुरेन्द्र सोनी, प्रहलाद गुर्जर, घनश्याम तोमर सहित पार्टी के कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

## वरिष्ठ तीर्थ यात्रा में सेवा देंगे ब्यावर के सीनियर स्काउटर

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( अनिल सिखवाल )।** राजस्थान सरकार के देवस्थान विभाग द्वारा आयोजित वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा में इस बार ब्यावर क्षेत्र के सीनियर स्काउटर वरिष्ठजनों की सेवा में सहयोग करेंगे। देवस्थान विभाग ने चार स्काउटर को तीर्थ यात्रा अनुरक्षक नियुक्त किया है इनमें जवाजा के सचिव सुरेश फुलवारी, बलराज सिंह राठौड़ (रा.उ.मा.वि. लसाड़िया), रामकिशोर सालोदिया (रा.उ.मा.वि. देलवाड़ा) तथा दीपक नागोरा (पीएम श्री रा.बा.उ.मा.वि. छावनी रोड, ब्यावर) शामिल हैं। तीर्थ यात्रा की विशेष ट्रेन आज मदार (अजमेर) से तिरुपति बालाजी और पद्मावती धाम के लिए रवाना होगी। भारत स्काउट-गाइड के निस्वार्थ सेवा भाव के तहत स्काउटर यात्रा के दौरान वरिष्ठजनों की सहायता करेंगे इस अवसर पर सहायक स्टेट कमिश्नर विमल चौहान, मसूदा सचिव मोहन सिंह चौहान, मुरली मनोहर जाटव, मनीष जनागल, सुमित फौजदार, बनवारीलाल बैरवा, ताराचंद जांगिड़, नरेंद्र सिंह रावत व रतन सिंह चौहान सहित स्काउट-गाइड सदस्यों ने सभी स्काउटर को बधाई व शुभकामनाएं दीं।

## शीतलाष्टमी पर्व पर माहेश्वरी समाज के दो नवचयनित आईएएस का होगा सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा,( अमित शर्मा )।** संजय कॉलोनी माहेश्वरी समाज संस्थान की ओर से शीतलाष्टमी पर्व इस वर्ष भी समाज भवन में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर हाल ही में संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में चयनित समाज के दो प्रतिभावान युवाओं का सम्मान भी किया जाएगा। संस्थान के अध्यक्ष श्यामलाल डाड एवं मंत्री दिनेश कोगटा ने जानकारी देते हुए बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शीतलाष्टमी पर्व पर संजय कॉलोनी में विशेष आयोजन होगा। कार्यक्रम के दौरान गुलाल-अबीर के साथ भजनों की प्रस्तुतियां दी जाएंगी तथा कृष्ण लीलाओं की रंग वर्षा से माहौल भक्तिमय बनेगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में उदयपुर की विख्यात गायिका त्रिशा सुथार और राजसमंद के महेश पालीवाल भजनों की प्रस्तुति देंगे। अध्यक्ष डाड के अनुसार हाल ही में घोषित ऑल इंडिया क्लस्ट परीक्षा परिणाम में माहेश्वरी समाज के दो युवाओं ने सफलता हासिल की है।

इनमें अमन झंवर (रैंक 296) और अक्षत बल्दवा (रैंक 173) का समाज की ओर से सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम में समाज के पदाधिकारी, सदस्य एवं बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहेंगे।

# एमडीएस यूनिवर्सिटी की 38वीं अंतर-महाविद्यालय खो -खो महिला प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

### हार और जीत खेल का हिस्सा हैं, लेकिन सच्ची जीत वही है जो ईमानदारी और समर्पण के साथ हासिल की जाए - प्रो. अग्रवाल



बढ़ता राजस्थान

**अजमेर ( मोहित जैन )।** महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर में 38वीं अंतर-महाविद्यालय महिला खो -खो प्रतियोगिता का शुभारंभ विश्वविद्यालय परिसर में रविवार को किया गया। प्रतियोगिता विश्वविद्यालय में तीन दिवस तक आयोजित की जाएगी ।

प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय से संबद्ध 11 महाविद्यालयों की टीमें भाग ले रही हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सुरेश कुमार अग्रवाल ने की। उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत खेलों को शिक्षा का अभिन्न अंग बनाया गया है, जिससे विद्यार्थियों और खिलाड़ियों का समग्र एवं सर्वांगीण विकास संभव हो सके। साथ ही उन्होंने कहा कि खेल व्यक्ति में अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना का विकास करते हैं।

उन्होंने खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए कहा कि खेल मैदान जीवन का महत्वपूर्ण पाठशाला है, जहाँ खिलाड़ी संघर्ष, धैर्य और निरंतर प्रयास का महत्व सीखते हैं। उन्होंने सभी खिलाड़ियों से खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने का आह्वान करते हुए कहा कि हार और जीत खेल का हिस्सा हैं, लेकिन सच्ची जीत वही है जो ईमानदारी और समर्पण के साथ हासिल की जाए।

कार्यक्रम में अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. सुभाष चंद्र ने स्वागत भाषण में कहा कि विश्वविद्यालय में 38वीं अन्तर-महाविद्यालय महिला खो-खो प्रतियोगिता का आज महिला दिवस के दिन शुभारंभ एवं महिला खिलाड़ियों की इसमें बढ़ चढ़ कर भागीदारी, महिलाओं के खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन का प्रमाण है।

इस अवसर पर प्रो. अरविंद पारीक, डॉ. विष्णु परमार( विश्वविद्यालय प्रतिनिधि ), प्रो. मनोज यादव, डॉ. शाहिना शेरानी ( पर्यवेक्षक ), डॉ. तपेश्वर कुमार ( खेल सचिव ), डॉ. संजय तोमर, डॉ. कुलदीप सिंह, डॉ लारा शर्मा, प्रेम राज मीना सहित विभिन्न महाविद्यालयों से आए खेल मैनेजर एवं खिलाड़ी उपस्थित रहे।

अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. सुभाष चंद्र ने बताया कि रविवार को खेले गए मुकाबलों के परिणाम इस प्रकार रहे -

सोफिया कॉलेज ने एमएलवी कॉलेज, भीलवाड़ा को 14-1 से हराया। गवर्नमेंट कॉलेज जायल ने गवर्नमेंट कॉलेज, पुष्कर को 14-3 से पराजित किया। फिजिकल कॉलेज, भीलवाड़ा ने एस.डी . कॉलेज ब्यावर को 16-3 से हराया।दयानंद कॉलेज अजमेर ने वर्धमान कॉलेज ब्यावर को 23-0 से पराजित किया।खेल सचिव डॉ. तपेश्वर कुमार के अनुसार क्वाटर फाइनल मुकाबले सोमवार को सुबह 8.00 बजे से खेले जायेंगे।

## चंदन बाला महिला मंडल कपासन के होली मिलन समारोह में नवीन कार्यकारिणी का निर्विरोध हुआ गठन

### महिला मंडल के अध्यक्ष पद पर सुशीला खाब्या निर्वाचित



बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( सुनील कुमार डभाड़ीया )।** स्थानीय चंदन बाला महिला मंडल द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में नवीन कार्यकारिणी का निर्विरोध गठन किया गया।जिसमे संगठन के विभिन्न पदों पर नवीन पदाधिकारियों को नियुक्त किया गया।

जानकारी अनुसार नगर कपासन के अंबेश भवन में चंदन बाला महिला मंडल द्वारा होली मिलन समारोह का उत्साहपूर्वक आयोजन किया गया।जिसके अंतर्गत चंदन बाला महिला मंडल सदस्यों द्वारा हर्षौल्लास एवं होली गीत एवं भजनों पर झूमते-नाचते रंगोत्सव पर्व होली का लुत्फ उठाया गया। साथ ही होली मिलन समारोह में उपस्थित महिला वर्ग हेतु विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

इधर चंदन बाला महिला मंडल कपासन की मंत्री सुनीता सांवला ने बताया कि होली मिलन समारोह के साथ ही स्थानीय चंदन बाला महिला मंडल की नवीन कार्यकारिणी का निर्विरोध गठन किया गया। जिसमे सुशीला खाब्या को चंदन बाला महिला मंडल कपासन के अध्यक्ष पद पर निर्विरोध नियुक्त किया गया। साथ ही महिला मंडल की नवीन कार्यकारिणी में मंत्री पद पर अनीता बापना, उपाध्यक्ष चंदा सांवला, कोषाध्यक्ष प्रियंका बाघमार, प्रचार-प्रसार मंत्री लाड सिरोया, सांस्कृतिक मंत्री अंकिता हिंगड़ को निर्विरोध नियुक्त किया गया। इस अवसर पर निवर्तमान कोषाध्यक्ष अंगूरबाला सिरोया, उपाध्यक्ष कुसुम ढीलीवाल, प्रचार-प्रसार मंत्री जागृति लोढ़ा, पूर्व अध्यक्ष लाड लोढ़ा, कांता ढीलीवाल, सूरज संचेती, उगम चण्डालिया, मुन्ना लोढ़ा, संयुक्त मेवाड़ महिला मण्डल शिक्षा मंत्री अंगूरबाला सांवला आदि महिला मण्डल कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम दौरान चंदन महिला मंडल मंत्री सुनीता सांवला द्वारा विगत दो वर्षीय आय-व्यय ब्यौरा प्रस्तुत कर आभार व्यक्त किया गया।

## अजमेर मंडल पर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर ऑल वुमेन स्टॉफ ट्रेन का संचालन

### अजमेर -मारवाड़ खंड पर एक्सप्रेस ट्रेन का संपूर्ण संचालन महिला कार्मिकों ने किया



बढ़ता राजस्थान

**अजमेर ( मोहित जैन )।** महिला दिवस के अवसर पर महिला सशक्तिकरण और महिला कार्मिकों के प्रति सम्मान के लिए रविवार को अजमेर मंडल पर ट्रेन नंबर 19735 जयपुर -मारवाड़ जंक्शन एक्सप्रेस का संपूर्ण संचालन अजमेर -मारवाड़ खंड पर महिला- क्रू, गार्ड, चेकिंग स्टाफ व आरपीएफ स्टाफ द्वारा किया गया।

मंडल रेल प्रबंधक राजू भूतड़ा तथा उत्तर पश्चिम रेलवे महिला कल्याण संगठन, अजमेर मंडल की अध्यक्षा रिंकल भूतड़ा ने अजमेर स्टेशन पर प्लेटफॉर्म 6 पर पहुंचकर ट्रेन का संचालन करने वाली महिला कार्मिकों को माला पहनना कर सम्मानित किया और इस प्रकार के नवाचार को महिलाओं के प्रति सम्मान और प्रेरणा बताया। इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक भारती भारद्वाज, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक मिहिर देव सहित अन्य रेल अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

## 20 साल बाद विजयनगर को प्रदेश स्तर पर प्रतिनिधित्व, आशीष सांड बने भाजपा के विशेष आमंत्रित सदस्य



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( अनिल सिखवाल )।** ब्यावर भारतीय जनता पार्टी राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौर द्वारा प्रदेश टीम में विशेष आमंत्रित सदस्यों की घोषणा की गई है।

इसमें विजयनगर से पूर्व जिला कोषाध्यक्ष आशीष सांड को विशेष आमंत्रित सदस्य बनाए जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व सरपंच रामस्वरूप मेवाड़ा, पूर्व पंचायत समिति सदस्य गिरीराज यादव, महावीर मेघवंशी, ओबीसी मोर्चा अजमेर देहात के जिला कार्यालय मंत्री महेश टेलर, वीर तेजा धाम के पुजारी दूधाराम धोबी सहित देवलिया के भाजपा कार्यकर्ताओं ने साफा व माला पहनाकर आशीष सांड का स्वागत किया।

## रंग पंचमी के अवसर पर कपासन के श्री चारभुजा मंदिर पर विशाल फूलडोल फागोत्सव पर्व मनाया



बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( सुनील कुमार डभाड़ीया )।** नगर में रंगोत्सव पर्व के उपलक्ष्य में विविध पारंपरिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों का उत्साह एवं हर्षौल्लास के साथ आयोजन जारी है। जिसके अंतर्गत गैर नृत्य, भजन संध्या एवं विभिन्न प्रकार के महाप्रसाद का भक्तों एवं श्रद्धालुओं में वितरण किया जा रहा है।

जानकारी अनुसार नगर कपासन में रंगोत्सव पर्व उत्साह एवं धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। जिसके तहत नगर कपासन के मध्य स्थित श्री चारभुजा मंदिर पर भक्तों एवं श्रद्धालुओं द्वारा प्रतिदिन पारंपरिक गैर नृत्य का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे पुरुष एवं युवा वर्ग द्वारा उत्साह के साथ भाग लिया जा रहा है। यहां श्री चारभुजा मंदिर पर पारंपरिक गैर नृत्य का 4 मार्च से 8 मार्च 2026 तक विधिवत आयोजन किया जायेगा।

उल्लेखनीय है कि रंग पंचमी के अवसर पर रविवार को श्री चारभुजा मंदिर पर विशाल फूलडोल फागोत्सव पर्व मनाया गया। जिसमे रंग-बिरंगी गुलाल एवं फूलों की होली के साथ ही मनमोहक भजनों की प्रस्तुतियां पर झूमते-नाचते भक्तों एवं श्रद्धालुओं द्वारा फूलडोल फागोत्सव मनाया गया। साथ ही रविवार सांयकाल रंग पंचमी के अवसर पर भजन संध्या सहित अन्नकूट महाप्रसाद का ठाकुरजी श्री चारभुजा नाथ को भोग धराकर उपस्थित भक्तों एवं श्रद्धालुओं में कतारबद्ध वितरण किया गया।

## पंचकुण्डीय विष्णु महायज्ञ की भस्म समुद्र नारायण को समर्पित

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा,( अमित शर्मा )।** हरि सेवा उदासीन आश्रम सनातन मंदिर, भीलवाड़ा में आयोजित सनातन मंगल महोत्सव के अंतर्गत सम्पन्न हुए पंचकुण्डीय विष्णु महायज्ञ की पवित्र भस्म का विधिवत पूजन-अर्चन कर गोवा के कोंडलिम समुद्र तट पर समुद्र नारायण भगवान (वरुण देव) को समर्पित किया गया।

आश्रम में 19 से 26 फरवरी तक आयोजित अष्टदिवसीय सनातन मंगल महोत्सव एवं दीक्षा दान समारोह के दौरान श्रीमद्भागवत महापुराण कथा, 108 श्रीमद्भागवत पारायण, श्रीमद्भागवत गीता अखंड पाठ, श्रीरामचरितमानस अखंड पाठ, श्री श्रीचंद्र सिद्धांत सागर अखंड पाठ, अखंड महामंत्र कीर्तन तथा पंचकुण्डीय विष्णु महायज्ञ जैसे धार्मिक अनुष्ठान निर्विघ्न सम्पन्न हुए। महोत्सव के समापन उपरांत यज्ञ की पवित्र भस्म को कलश में स्थापित कर गोवा के कोंडलिम समुद्र तट ले जाया गया। वहां विधिवत कलश पूजन, वरुण देव पूजन, कन्या पूजन, आरती एवं प्रार्थना के बाद यज्ञ भस्म का समुद्र के जल में विसर्जन किया गया। इस अवसर पर अखिल भारतीय सिंधु संत समाज ट्रस्ट के संत महात्माओं के सान्निध्य में हरिनाम संकीर्तन यात्रा भी निकाली गई। संतजन श्रीराम जय राम जय जय राम, श्रीमन नारायण नारायण, श्रीकृष्ण गोविंद हरे मुरारी, हे नाथ नारायण वासुदेव तथा हरे कृष्ण महामंत्र का कीर्तन करते हुए समुद्र तट तक पहुंचे।

समुद्र तट पर उपस्थित संत महात्माओं का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया गया। इस दौरान महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन (भीलवाड़ा), अध्यक्ष महंत खिमियादास (सतना), महंत अर्जनदास (उल्हासनगर), उपाध्यक्ष महंत स्वरूपदास (अजमेर), महंत हनुमानराम (पुष्कर), महंत आसनदास (उल्हासनगर), संरक्षक महंत श्यामदास (किशनगढ़), महामंत्री स्वामी हंसदास (रीवा), स्वामी गुलराज (जयपुर), स्वामी तुलसीदास (भोपाल), महंत अर्जुनदास (अजमेर), साध्वी परमानंदा (गोधरा), स्वामी अमरलाल (राजकोट), स्वामी सरूपदास (रीवा), संत संतदास (इंदौर), संत नारायणदास (कोटा), संत केशवराम (भीलवाड़ा) सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## बाइक - स्कूटी की भिड़ंत में 4 घायल

### रिडकोर मेगा हाईवे एंबुलेंस से पहुंचाया हॉस्पिटल

बढ़ता राजस्थान

**झालावाड़ (नि.स.)।** रविवार सुबह लगभग 11 बजे बिंदा टोल के पास बाइक और स्कूटी की आमने-सामने भिड़ंत में 4 लोग घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार बाइक पर पिता, पुत्र और भतीजा अपने गांव पिपलिया से रायपुर के पास रावल डावल भेरूजी महाराज के कार्यक्रम में भोजन करने जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही स्कूटी से उनकी टक्कर हो गई। हादसे में स्कूटी सवार चिंटू सुमन पुत्र लीलाधर सुमन, निवासी झालरापाटन और बाइक पर पीछे बैठे अर्पित जाट पुत्र गौरीशंकर जाट के पैरों में फैक्चर हो गया, जबकि दो अन्य लोगों को हल्की चोटें आई हैं। घटना के बाद रिडकोर मेगा हाईवे एंबुलेंस की मदद से चारों घायलों को तुरंत झालावाड़ के सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

## एस पी ने अर्न्तराष्ट्रीय महिला दिवस पर कंजर डेरा महिला मुखिया का किया सम्मान

बढ़ता राजस्थान



**झालावाड़ ( सुरेश मोमिया )।** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने बताया की अर्न्तराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर उमराव बाई कंजर पत्नि स्व. श्री गोरधन जाति कंजर निवासी डेरा कंजरान चांदियाखेडी को कार्यालय में प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया है।

उमराव बाई के द्वारा कंजर डेरे की मुखिया के तौर पर झालावाड़ पुलिस के कंजर पुनर्वास कार्यक्रम में सहयोग करते हुऐ अति पिछडे व अपराध में लिप्त कंजर समुदाय के नागरिकों को निरन्तर प्रेरित व समझाईश के द्वारा अपराध त्याग कर समाज की मुख्य धारा में जोड़ने हेतु प्रभावी व सार्थक प्रयास किये गये हैं।

जिसके फलस्वरूप जहां अन्य कंजर डेरों जरेल के 112 बार, तीतरवासा के 113 बार नारायणपुरा के 119 बार अलग-अलग व्यक्तियों के खिलाफ विगत् 5 वर्षों में आपराधिक प्रकरण आरोपित हुऐ हैं ( कई व्यक्तियों के एक से अधिक बार अपराध दर्ज हुऐ ) वहीं कंजर डेरा चांदियाखेडी के मात्र 27 बार ही इन डेरों के लोग अपराधों में आरोपित हुऐ ।

इस प्रकार अन्य कंजर बस्तियों की तुलना में चांदियाखेडी के कंजर बदमाशान द्वारा किये जाने वाले अपराधों में उल्लेखनीय कमी आयी है, जो कि उमराव बाई द्वारा विधवा महिला होते हुऐ अपराध में लिप्त समुदाय को अपराध विमुख करने में सक्रिय भूमिका निभाना अन्य समाज के लोगों के लिये प्रेरणा स्त्रोत है।

## डॉ. भीमराव अम्बेडकर जन्मोत्सव समारोह को लेकर मीटिंग आयोजित

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** डॉ. भीमराव अम्बेडकर जन्मोत्सव समारोह कमेटी की मीटिंग जिला जाटव महासभा के अध्यक्ष धर्मसिंह फौजी के मुख्य आतिथ्य में आर.के. होटल सेवर पर सम्पन्न हुई। मीटिंग में भारतीय संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर का 135वां जन्मोत्सव समारोह धूमधाम से मनाने हेतु संयोजक पद पर पुनः सोहन सिंह सरपंच को संयोजक मनोनीत किया गया। उनके कुशल प्रबन्धन में विगत साल अम्बेडकर जन्मोत्सव समारोह शांतिपूर्वक तरीके से सम्पन्न हुआ था। इस अवसर पर नव निर्वाचित संयोजक को माला व साफा पहनाकर स्वागत किया उन्हें पद व गोपनीयता की शपथ जिला जाटव महासभा के अध्यक्ष धर्मसिंह फौजी ने बाबा साहब के चित्र के समक्ष दिलवाई। इस अवसर पर नव निर्वाचित संयोजक सोहन सिंह सरपंच ने कहा कि कुछ असामाजिक तत्व अम्बेडकर जन्मोत्सव समारोह में विध्न डालने का षडयंत्र रच रहे हैं उनके मंसूबों को नेस्तानाबूत कर दिया जावेगा। जन्मोत्सव समारोह पूर्व वर्षों की भांति शांतिपूर्वक तरीके से सभी वर्ग व धर्म के अम्बेडकर अनुयाईयों के सहयोग से सम्पन्न किये जावेंगे। उन्होंने खुलासा किया कि जन्मोत्सव कार्यक्रम 3 दिवसीय होंगे जिसमें 12 अप्रेल को आरबीएम हॉस्पीटल में फल वितरण कार्यक्रम किया जावेगा तथा 12 व 13 अप्रेल को संविधान पार्क कलैक्ट्रेट पटपरा मौहल्ला पर सांस्कृतिक कार्यक्रम व मुख्य समारोह का आयोजन किया जावेगा जिसमें 13 अप्रेल को मनीष मस्ताना देवीराम एण्ड कम्पनी द्वारा सांयकाल 7 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम किया जावेगा। दिनांक 14 अप्रेल को मुख्य समारोह होगा जिसमें बाबा साहब की शहर में स्थापित प्रतिमाओं पर पुष्प अर्पित किये जावेंगे तथा दोपहर 1 बजे बाबा साहब की शोभायात्रा हीरादास सर्किल से शुभारम्भ होकर कुम्हेर गेट, लक्ष्मन मंदिर, गंगा मंदिर होते हुए संविधान पार्क कलैक्ट्रेट पर सभा के रूप में परिवर्तित हो जावेगी। इन कार्यक्रमों में सांसद संजना जाटव व स्थानीय विधायक डॉ. सुभाष गर्ग के साथ साथ अन्य गणमान्य सांसदों व मंत्रीयों का भी आगमन होगा।

# ऐसी कर कोशिश कि जो चाहे तुझको मिल सके, और जो ना मिल सके, उसे छीन ले तकदीर सेः वसुंधरा राजे

### जेईसीआरसी में शक्ति का उत्सवः 450 से अधिक महिला लीडर्स का वसुंधरा राजे ने किया सम्मान

### डिकेड ऑफ डेडिकेशन, यंग एनर्जी और इमर्जिंग ट्रेलब्लेजर्स अवॉर्ड्स से नवाजी गई जेईसीआरसी की महिलाएं

### महिला दिवस पर जेईसीआरसी ने सेलिब्रेट किया नेतृत्व और रचनात्मकता

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर/भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** महिला सशक्तिकरण सिर्फ एक विचार नहीं, बल्कि एक सकारात्मक बदलाव है। इसी जज्बे को पूरे उत्साह से मनाते हुए जेईसीआरसी के प्रांगण में इंटरनैशनल विमन्स डे के उपलक्ष्य में महिला नेतृत्व को समर्पित एक गरिमामयी व प्रेरणादायक समारोह का आगाज हुआ। इस इवेंट का उद्देश्य ऐकडेमिक, रिसर्च, इंनोवेशन और एडमिनिस्ट्रेशन क्षेत्र में अपनी सेवाएं दे रहीं जेईसीआरसी की 450 से अधिक महिला फैकल्टी सदस्यों के असाधारण योगदान को सम्मानित करना था। एंपावर्ड फीमेल लीडरशिप का जीवंत उदाहरण प्रस्तुत करते हुए, राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री श्रीमती वसुंधरा राजे ने बतौर मुख्य अतिथि इस आयोजन को एक नई ऊंचाई प्रदान की। अपने संबोधन में उन्होंने उभरते राजस्थान में महिला नेतृत्व की महत्ता और घर-संस्थान की दोहरी जिम्मेदारी निभाने वाली शिक्षिकाओं के अदम्य साहस को सराहा। भामाशाह योजना के माध्यम से महिलाओं को परिवार का मुखिया बनाने के अपने विजन को साझा करते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि जब कमान महिला के हाथों में होती है, तो संपूर्ण समाज सुरक्षित और सशक्त होता है।





उन्होंने भविष्य की महिला नेत्रियों का आह्वान किया कि वे अपने भीतर की निडर क्षमता को पहचानें और अटूट दृढ़ निश्चय के साथ आगे बढ़ें, क्योंकि आत्मविश्वास और कठिन परिश्रम से भाग्य की लकीरों को भी बदला जा सकता है। साथ ही, दैनिक भास्कर के नेशनल एडिटर, एल. पी. पंत गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में मौजूद रहे।

समारोह में, जेईसीआरसी के साथ शिक्षा और राष्ट्र निर्माण में अपना शत-प्रतिशत देती आ रही उत्कृष्ट महिला फैकल्टीज के प्रति गहरा आभार व्यक्त करते हुए, उन्हें तीन खास श्रेणियों में सम्मानित किया गया।

पिछले एक दशक से अपना अटूट समर्पण दिखा रही महिलाओं को डिकेड ऑफ डेडिकेशन, तीन साल का सफर पूरा करने वाली महिलाओं को उनके इंनोवेटिव थॉट्स के लिए यंग एनर्जी, और हाल ही में इस परिवार का हिस्सा बनीं होनहार महिलाओं को इमर्जिंग ट्रेलब्लेजर्स अवॉर्ड से नवाजा गया। यह सम्मान इस बात का प्रमाण बना कि कैसे ये महिलाएं अपने घर, संस्थान और समाज की जिम्मेदारियों के बीच बेहतरीन संतुलन स्थापित करते हुए विकसित भारत 2047 के विजन को हकीकत में बदल रही हैं। हर क्षेत्र में

महिलाओं की इसी निपुणता और लीडरशिप क्वालिटीज को सराहते हुए जेईसीआरसी यूनिवर्सिटी के चेयरमैन ओ.पी. अग्रवाल ने स्पष्ट किया कि यह आयोजन केवल महिलाओं के प्रयासों की सराहना के लिए ही नहीं, बल्कि उनके अधिकारों और पहचान के सम्मान के लिए है।

उन्होंने गर्व से स्वीकार किया कि फीमेल फैकल्टीज ही जेईसीआरसी की नींव व शक्ति हैं और उन्हीं के समर्पण से यह संस्थान आज इस मुकाम पर है।

## भरतपुर में 2 युवकों का किडनैप करने वाले 3 गिरफ्तार,जबरन शराब पिलाकर की पिटाई, माफी मंगवाते हुए वीडियो बनाया

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)** । भरतपुर शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र में क्रिकेट खेल रहे दो युवकों के अपहरण और मारपीट का मामला सामने आया है। कार और बाइक से आए बदमाशों ने दोनों युवकों को जबरन कार में बैठाकर ले गए, जहां उनके साथ मारपीट की गई और माफी मंगवाते हुए वीडियो भी बनाया गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है तथा अपहरण में प्रयुक्त कार को जब्त कर लिया है।

थाना अधिकारी हरलाल मीणा ने बताया कि 6 मार्च को रुंधिया नगर निवासी यशपाल ने कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई। रिपोर्ट में बताया गया कि वह अपने दोस्त रोहित के साथ कॉलोनी के ग्राउंड में क्रिकेट खेल रहा था। इसी दौरान चार युवक कार से और दो युवक बाइक से वहां पहुंचे। आते ही उन्होंने दोनों युवकों को जबरन कार में बैठा लिया और उन्हें अपने साथ ले गए। रिपोर्ट के अनुसार आरोपी यशपाल और रोहित को सारस चौराहे से आगे गोपाल नगला के पास लेकर गए। वहां दोनों को जबरन शराब पिलाई गई। इसके बाद आरोपियों ने दोनों युवकों के साथ मारपीट की। मारपीट के दौरान उनसे माफी मंगवाई गई और उसका वीडियो भी बनाया गया। घटना के बाद आरोपी दोनों युवकों को वहीं छोडक़र फरार हो गए। इधर जब बदमाश दोनों युवकों को जबरन कार और बाइक में बैठाकर ले गए तो ग्राउंड पर मौजूद अन्य युवकों ने तुरंत यशपाल के परिजनों को सूचना दी। परिजनों ने पुलिस को जानकारी दी, जिसके बाद पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और दोनों युवकों को सुरक्षित छुड़ाया।

पुलिस ने यशपाल की शिकायत के आधार पर 6 मार्च को मामला दर्ज कर जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि यह मामला पुरानी रंजिश से जुड़ा हो सकता है। हालांकि दोनों पक्षों के बीच पहले किस बात को लेकर विवाद हुआ था, इसकी जानकारी अभी स्पष्ट नहीं हो पाई है।

पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कौशल, प्रशांत निवासी बृज नगर और त्रिलोक निवासी हाथी नगला को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही बाकी आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## देश-विदेश के लोग जानेंगे भरतपुर का इतिहासरूट्रेवल मार्ट के आयोजन की तैयारीय होटल कारोबारियों ने बैठक की



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)** । जयपुर और कोटा की तर्ज पर भरतपुर में भी ट्रेवल मार्ट का आयोजन करवाने की प्लानिंग है। इसका उद्देश्य है कि देश- विदेश से लोग भरतपुर आए और यहां की खूबसूरती और ऐतिहासिक खासियत के बारे में जान सके।

रविवार को उदय विलास होटल में मीटिंग की गई, जिसमें भरतपुर होटल एसोसिएशन और राजस्थान फेडरेशन ऑफ होटल एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने ट्रेवल मार्ट को लेकर रणनीति पर चर्चा की।

### होटल इंडस्ट्री के कारोबारियों ने की बैठक

भरतपुर होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष अनुपम सिंह ने बताया- आज भरतपुर होटल एसोसिएशन और राजस्थान फेडरेशन ऑफ होटल एसोसिएशन की बैठक हुई है। इसमें सभी व्यवसायियों को पॉलिसी के बारे में बताया गया। सबसे बड़ा हमारा उद्देश्य है कि भरतपुर के होटलों को ज्यादा से ज्यादा मार्केट मिले। सभी होटल व्यवसायी भरतपुर में ट्रेवल मार्ट करवाना चाहते हैं।

### ट्रेवल मार्ट से कोटा को काफी फायदा हुआ

हाल ही में फेडरेशन होटल ऑफ राजस्थान ने कोटा हाड़ौती ट्रेवल मार्ट करवाया था। उससे कोटा हाड़ौती क्षेत्र को काफी फायदा हुआ था। उसी तर्ज पर सभी होटल व्यवसायी चाहते हैं कि भरतपुर में भी एक ट्रेवल मार्ट हो, जिससे भरतपुर को पूरे देश में बेहतर तरीके से जाना जाए।

### भरतपुर को देश के मानचित्र दर्शाने की पहल

उन्होंने कहा कि सीएम भरतपुर से ही हैं, इसलिए हम चाहते हैं कि ट्रेवल मार्ट के जरिए भरतपुर को देश के मानचित्र पर लाया जा सके। भरतपुर अपने आप में ऐतिहासिक है। इसलिए भरतपुर को पर्यटन जिला घोषित किया जाए। यहां पर केवलादेव नेशनल पार्क है, जहां देश- विदेश से पक्षी आते हैं। इसके अलावा डीग के महल, भरतपुर का किला, बयाना का किला और ऐतिहासिक मंदिर हैं, इसलिए भरतपुर को पर्यटन क्षेत्र आगे बढ़ाया जाना चाहिए।

### ट्रेवल मार्ट में सरकार का बड़ा रोल

ट्रेवल मार्ट के अंदर सरकार भी फाइनेंनशियल रूप से मदद करती है। अगर खर्चा ज्यादा होता है तो हम होटल व्यवसायी पैसा देते हैं। ट्रेवल मार्ट में सरकार का बड़ा रोल होता है। सरकार चाहती है कि पर्यटन क्षेत्र को बढ़ाया जाए। राजस्थान में पर्यटन क्षेत्र को बढ़ाने के लिए अपार संभावनाएं हैं। उसमे भरतपुर भी ऐसा जिला है जिसमें पर्यटन स्थलों की कमी नहीं है।

### कोटा में पहुंचे थे 26 राज्यों के लोग

भरतपुर के केवलादेव नेशनल पार्क को प्रचार प्रसार की जरूरत है। जब कोटा में ट्रेवल मार्ट लगा तो, देश के 26 राज्यों के लोग वहां आये। लोगों को जब कोटा के बारे में पता लगा तो वह अचंभित रह गए। ट्रेवल मार्ट के बाद वहां पर्यटकों की संख्या लगातार बढ़ रही है।

## भरतपुर के संभाग सहित पूरे राजस्थान में वसुंधरा राजे सिंधिया का जन्मदिन हर्षोल्लास से मनाया

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** वसुंधरा समर्थक मंच ने राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री व भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आर्यन लेडी वसुंधरा राजे सिंधिया का जन्मदिन भरतपुर संभाग सहित पूरे राजस्थान में मनाया गया। वसुंधरा समर्थक मंच के प्रदेशाध्यक्ष एड. विजय भारद्वाज ने पूरे राजस्थान में विभिन्न संभागों की जिम्मेदारी राजे के जन्मदिन को लेकर समस्त जिलाध्यक्षों को सौंपी थी। उसी के अनुसार प्रदेश मीडिया प्रभारी घनश्याम अवस्थी, प्रदेश संगठन मंत्री शिवम लवानिया, प्रदेश मंत्री बबीता सैनी, जिलाध्यक्ष ज्योति शर्मा, जिला मंत्री सागर चतुर्वेदी के नेतृत्व में हजारों कार्यकर्ताओं ने



रूदावल स्थित हनुमान मंदिर पर संगीतमय हनुमान चालीसा, सुन्दर काण्ड का पाठ कर बजरंग बली से महारानी को प्रदेश उच्च पद पर आसीन कराने व उनकी दीर्घ आयु की कामना की। करीब आठ घण्टे चले इस पाठ में विद्वान पण्डितों ने हिस्सा लिया पाठ के उपरान्त गरीबों को सीता रसोई संचालित कर गरीबों को भोजन कराया इस संगीतमय हनुमान चालीसा एवं सुन्दरकाण्ड में वसुंधरा समर्थक मंच के कार्यकर्ताओं के अलावा दूरदराज से आये लोगों ने भी बढ-चढकर हिस्सा लिया। वहीं समर्थक मंच ने गौशालाओं में जाकर गौमाता की सेवा की व उन्हें हरा चारा व गुड खिलाकर वसुंधरा राजे सिंधिया की गौमाता से दीर्घ आयु व प्रदेश में उच्च पद पर आसीन कराने की कामना की। इसी प्रकार धौलपुर, करौली, सवाईमाधोपुर व डीग में पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसुंधरा राजे के जन्मदिन के उपलक्ष्य में रविवार को एक धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## रारह की सरपंच कुसुम सिंह का राष्ट्रीय मंच पर चयन

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर /डीग (घनश्याम अवस्थी)।** डीग जिले की ग्राम पंचायत रारह की प्रशासकध्सरपंच श्रीमती कुसुम सिंह का चयन भारत सरकार के पंचायती राज मंत्रालय द्वारा आयोजित महिला पंचायत प्रतिनिधियों के राष्ट्रीय सम्मेलन में महिला बीकन लीडर के रूप में किया गया है। यह प्रतिष्ठित राष्ट्रीय सम्मेलन 11 मार्च 2026 को नई दिल्ली में आयोजित होगा, जिसमें देशभर के प्रत्येक राज्य से चयनित महिला सरपंच भाग लेंगी। विशेष बात यह है कि राजस्थान राज्य से इस सम्मेलन में भाग लेने वाली एकमात्र महिला सरपंच के रूप में ग्राम पंचायत रारह की सरपंच कुसुम सिंह का चयन किया गया है।



राजस्थान सरकार के पंचायती राज विभाग द्वारा जारी पत्र के अनुसार ग्राम पंचायत स्तर पर प्रभावी नेतृत्व, जनकल्याणकारी कार्यों तथा ग्रामीण विकास में सक्रिय भूमिका को देखते हुए श्रीमती कुसुम सिंह को राजस्थान राज्य की ओर से इस राष्ट्रीय सम्मेलन में नामांकित किया गया है। यह चयन न केवल ग्राम पंचायत रारह बल्कि पूरे डीग जिले के लिए अत्यंत गौरव का विषय माना जा रहा है।

यह राष्ट्रीय सम्मेलन महिला पंचायत प्रतिनिधियों के नेतृत्व को सशक्त बनाने और ग्रामीण प्रशासन में उनकी भूमिका को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन में देशभर की महिला जनप्रतिनिधियों को एक मंच प्रदान किया जाएगा, जहाँ वे अपने अनुभव साझा करेंगी और पंचायत स्तर पर विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श करेंगी। कार्यक्रम के दौरान महिला नेतृत्व, ग्राम पंचायतों में प्रशासनिक निर्णय प्रक्रिया, सामाजिक समरसता, महिला सशक्तिकरण, ग्रामीण विकास, स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य तथा ग्राम स्तर पर जनभागीदारी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों, नीति-निर्माताओं और जनप्रतिनिधियों द्वारा विस्तृत चर्चा की जाएगी।

## लटूरियां हनुमान आश्रम पर सन्त दर्शन एवं भंडारे में उमड़ा जन सैलाब

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** श्री लटूरियां हनुमान भक्त मण्डल एवं तपस्वी बाबा रामशरण दास महाराज के शिष्यों के द्वारा सिद्ध श्री लटूरियां हनुमान मन्दिर पर महन्त भानुदास महाराज एवं सन्त मणिराम दास महाराज के सान्निध्य में 113 वर्षीय तपस्वी बाबा रामशरण दास महाराज की 29वीं पुण्यतिथि तथा श्रीराम मन्दिर निर्माण के उपलक्ष्य में चल रही रामकथा, सन्त समागम का समापन हुआ। जिसके तहत श्रीराम यज्ञ, सन्त दर्शन एवं भण्डारा हुआ। कार्यक्रम में हिमालयी निवासी महामण्डलेश्वर अभिराम दास महाराज, अयोध्या के महन्त देवेन्द्र प्रसादाचार्य महाराज, महन्त बिन्दुगाद्याचार्य महाराज, जगद्गुरु श्री रामानन्दाचार्य सेवापीठ नेपाल के स्वामी रामकृष्णचार्य महायोगी, जानकी घाट अयोध्या के रसिक पीठाधीश्वर महन्त जनमेजय शरण रामदास महाराज, महन्त भानुदास महाराज आदि ने सन्त सेवा, विश्व शांति एवं मानव कल्याण सहित



सनातन धर्म पर व्याख्यान दिए।

जगद्गुरु स्वामी श्री अभिराम दास महाराज ने कहा कि प्रभु की कृपा से मानव का जीवन सफल हो जाता है, हमें भगवान नाम का नित्य जाप करना चाहिए और रामचरितमानस की चौपाई एवं सुन्दरकाण्ड पाठ अवश्य करना चाहिए। नेपाल के जगद्गुरु श्रीरामानन्दाचार्य स्वामी श्री रामकृष्णचार्य ने कहा कि सनातन धर्म ही मानव जीवन सुरक्षित रखता है और विश्व में शांति कायम रहती है। जहां सनातन धर्म की पालना नहीं होती, उस देश में अशांति रहती है। श्री चक्रवर्ती दशरथ जी का राजमहल अयोध्या के महन्त बिन्दुगाद्याचार्य महाराज ने कहा कि इस युग में कष्टों से छुटकारा प्राप्त करने के लिए भगवान श्रीराम का पूजन करें। हर सन्त की सेवा करे। साथ ही गाय की सेवा कर प्रकृति का संरक्षण करने का फल प्राप्त करें।

अयोध्या के रसिक पीठाधीश्वर जनमेजयशरण महाराज ने कहा कि सन्त के दर्शन एवं सन्त सेवा भाग्यशाली व्यक्ति को नसीब होती है, जो ऐसा काम करता है, वह प्रभु का सेवक होता है। लटूरियां हनुमान मंदिर के महन्त भानुदास महाराज ने बताया कि तपस्वी बाबा रामशरण दास महाराज की पुण्यतिथि एवं श्रीराम मन्दिर निर्माण को लेकर 26 फरवरी से 7 मार्च तक धार्मिक कार्यक्रम हुए जिसके तहत संत दर्शन रामकथा, रामलीला, रासलीला, सन्त सम्मेलन हुआ। सन्त अभिराम दास महाराज का महन्त भानुदास की ओर से अयोध्या, नेपाल, वृन्दावन, चित्रकूट, नर्मदा, पुष्कर, बनारस, प्रयागराज, बिहार, मध्य प्रदेश, गुजरात, दिल्ली, झारखण्ड आदि स्थानों से भारी संख्या में सन्त आए।

## महाराजा जवाहर सिंह स्मारक समिति भरतपुर ने जाट होली मिलन समारोह जाट भवन मडरपुर रोड, बिग्रेडियर घासीराम नगर के पास मनाया

### नई दिल्ली में महिला बीकन लीडर के रूप में होंगी सम्मानित

बढ़ता राजस्थान

भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)। होली मिलन का मुख्य आकर्षण बम्ब पार्टियों द्वारा होली रसिया गायन रहा एवं साथ ही चंदन तिलक और फूलों की होली के साथ हास्य व वीर रस की कविताओं एवं बम्ब पार्टियों की लय के साथ नृत्य प्रतियोगिताएँ रहीं। समारोह की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष देवीसिंह कुंतल ने की और कार्यक्रम अध्यक्ष सी.पी. सिंह हिंगोली वाले रहे। मुख्य अतिथि महिला दिवस पर महारानी किशोरी लोहागढ जाट महिला संगठन की अध्यक्षा श्रीमति विमला चौधरी को बनाया गया। विशिष्ट अतिथि श्रीमति सुधा सिंह इतिहासकार, डॉ. अमर सिंह, बच्चू सिंह पर्यावरणविद, अजय सिंह प्रेमी रहे। कार्यक्रम में विभिन्न जाट संगठनों के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया जिसमें जाट कर्मचारी वेलफेयर संगठन, महाराजा सूरजमल शिक्षक संगठन,




सूरज सेना, महारानी किशोरी लोहागढ जाट महिला संगठन, भरतपुर एवं अन्य संगठनों के जाट पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया। महासचिव सुधीरपाल सिंह द्वारा सभी संगठनों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में सभी कार्यक्रम जाट भवन में करने का आव्हान किया। इं. महावीर सिंह तोमर ने जाट भवन निर्माण की जानकारी दी। समिति पदाधिकारी थान सिंह सोलंकी, ओमप्रकाश सोगरवाल, प्रमोद सिंह संत कृपाल स्कूल, हीरासिंह आर्य, विनोद सिंह कुंतल, बहादुर सिंह भगवान मार्बल ने भी विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में विभिन्न संगठन और जाट सरदारी से लगभग 500 लोगों ने भाग लिया।

# गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम ने टहला में किया स्व. हेमसिंह भडाना व कर्नल किरोडी सिंह बैंसला की प्रतिमा का अनावरण

## प्रतिभावान विद्यार्थियों और युवाओं को किया सम्मानित, कड़ी मेहनत व दृढसंकल्प से सपनों को साकार करने का दिया संदेश

बढ़ता राजस्थान




**राजगढ़(अलवर)।** गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम ने रविवार को राजगढ़ के टहला में देवनारायण मंदिर परिसर में आयोजित मूर्ति अनावरण, प्रतिभा सम्मान समारोह, मेला और भंडारे के कार्यक्रम में शिरकत कर पूर्व कैबिनेट मंत्री स्व. हेमसिंह भड़ाना एवं गुर्जर समाज के प्रमुख नेता कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला की प्रतिमा का विधिवत अनावरण किया। गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम अपने संबोधन में कहा कि समाज के महान नेताओं और समाजसेवियों की प्रतिमाएं आने वाली पीढियों को प्रेरणा देने का काम करती हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं को शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्र में आगे बढक़र काम करना चाहिए, जिससे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के सपने को साकार किया जा सके। उन्होंने कहा कि कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला के सामाजिक योगदान चीर स्मरणीय रहेगा। उन्होंने कहा कि महापुरुषों के जीवन चरित से सीख लेकर उन्हें आत्मसात करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पूर्व मंत्री हेमसिंह भडाना स्वभाव से सरल, सतत समर्पण एवं विषम परिस्थितियों में काम करने वाले व्यक्ति के रूप में अपनी पहचान रखते थे। उन्होंने थानागाजी क्षेत्र के विकास को आगे बढाते हुए वंचित व अंतिम पंक्ति के लोगों को आगे लाने के लिए निरन्तर सकारात्मक भाव से काम किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार किसान, युवा, महिला व गरीब को आगे बढाने के लिए कृतसंकल्पित होकर काम कर रही है। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने शिक्षा, खेल और विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों और युवाओं को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि कड़ी मेहनत और दृढसंकल्प से किसी भी मुकाम को हासिल किया जा सकता है। अतः युवा अपना लक्ष्य निर्धारित कर अपने माता-पिता के सपनों को साकार करें। कार्यक्रम में श्रीमती कृष्णा हेम सिंह भड़ाना ने अतिथियों का आभार जताया। कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर में मेले का भी आयोजन किया गया, जिसमें आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। इसके साथ ही श्रद्धालुओं के लिए भंडारे की व्यवस्था की गई, जिसमें बडी संख्या श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर जिला प्रमुख बलबीर सिंह छिल्लर, पूर्व मंत्री शकुन्तला रावत, पूर्व विधायक रामहेत यादव, गजराज खटाना, बन्नाराम मीणा, डी.आर पटेल, मानसिंह गुर्जर, प्रेम पटेल, मूलचंद गुर्जर, शिवलाल गुर्जर, धीरेन्द्र खटाना, सुरेन्द्र भड़ाना सहित प्रबुद्ध व्यक्ति एवं बडी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

## अवैध मादक पदार्थों के साथ एक महिला और एक पुरुष गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

बानसूर( धीरज मौर्य )। विधानसभा क्षेत्र के नारायणपुर थाना पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए अवैध मादक पदार्थ 95 ट्रॉमाडोल नशीले कैप्सूलों के साथ एक महिला एवं एक पुरुष को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार पुलिस उप महानिरीक्षक एवं सह जिला पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र विश्नोई के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नाजिम अली खान व बानसूर वृतांधिकारी मेघा गोयल के सुपरविजन व नारायणपुर थाना पुलिस निरीक्षक रोहिताश के नेतृत्व में प्रभावी कार्यवाही करते हुए दौराने नाकाबंदी 95 ट्रॉमाडोल नशीले कैप्सूल के साथ एक महिला और एक पुरुष को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार महिला का नाम ज्योतिषमा शर्मा पुत्री हितेन्द्र तिवाड़ी जाति ब्राह्मण आयु 20साल निवासी तिवाड़ीयों का मोहल्ला नारायणपुर व रामकुमार जाट उफर्.बलकेश पुत्र उमराव जाट आयु 31साल निवासी रोलाना की ढाणी तन मुण्डावरा थाना नारायणपुर हैं। गिरफ्तार शुदा आरोपी पुलिस की नाकाबंदी देखकर भागने लगे तो पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया और तलाशी के दौरान 95 ट्रॉमाडोल नशीले कप्सूल बरामद कर गिरफ्तार कर लिया। और आगे का अनुसन्धान प्रारम्भ कर दिया। उक्त कार्यवाही में रोहिताश पुलिस निरीक्षक, हैडकांस्टेबल विक्रमसिंह,कांस्टेबल शिवराजसिंह, महेन्द्रसिंह,राकेश कुमार, सोनू कुमार व महिला कांस्टेबल बबिता शामिल रही।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस : श्रीकृष्णा शिक्षा एवं ग्रामीण विकास समिति द्वारा बालिकाओं को किया सम्मानित



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर(धीरज मौर्य)।** नारायणपुर उपखण्ड के क्षेत्र पीरजी का मोहल्ला स्थित श्री कृष्णा शिक्षा एवं ग्रामीण विकास समिति कार्यालय पर रविवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में वूमेन मोटिवेशनल सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के शुभारम्भ में समिति निदेशक मोनू शर्मा, सचिव सुनील कुमार शर्मा, संगठन मंत्री महेश चंद सैनी, प्रशिक्षण प्रभारी पिंकी मीणा, फूलचंद सैनी ने भारत माता की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस मौके पर मोटिवेशनल सेमिनार के दौरान महिलाओं को अपने लक्ष्य के प्रति जागरूक रहकर सतत विकास की ओर बढने के लिए प्रेरित किया गया। इसी दौरान विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। आयोजन में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाली एवं क्षेत्र में विशेष कार्य करने वाली बालिकाओं को संस्था द्वारा प्रमाण पत्र व प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर निदेशक मोनू शर्मा ने कहा कि खेल केवल ईनाम प्राप्त करने के लिए ही नहीं बल्कि शारीरिक व मानसिक स्फूर्ति सहित देश के लिए भी अति आवश्यक है। समिति सचिव सुनील कुमार शर्मा द्वारा नारायणपुर तहसील में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त कर क्षेत्र में नाम रोशन करने वाली खिलाडियों का बधाई देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। संगठन मंत्री महेश चंद सैनी ने बताया कि बालिकाओं ने पूर्व में भी जिला स्तर पर नाम रोशन किया है और वर्तमान में भी लगातार प्रयासरत हैं और रहेंगी ऐसी आशा करता हूँ।जितना संस्था द्वारा इन बालिकाओं का सहयोग होगा वह किया जाएगा। इस मौके पर पलक शर्मा, सुनीता गुर्जर, रीना सैनी, निशा चौधरी, पलक योगी, दिव्या मौर्य, मनीषा सैनी, सुनील कुमार योगी, नरेश अग्रवाल, कृष्णसिंह शेखावत, अंकित मीणा, महिमा जाट सहित आदि लोग मौजूद रहे।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर नीलिमा गुप्ता की 'गांधार नंदिनी' उपन्यास का विमोचन समारोह सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान

**अलवर(का.स.)।** अलवर की प्रतिष्ठित साहित्यिक संस्था 'सृजक' एवं सामाजिक संस्था आर. सी. एन. जी. ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 08 मार्च



को चैम्बर ऑफ कॉमर्स के सभागार में देश की प्रतिष्ठित कथाकार नीलिमा गुप्ता के पौराणिक पात्र गांधारी पर केन्द्रित आत्मकथात्मक उपन्यास 'गांधार नंदिनी' का विमोचन कार्यक्रम देश के वरिष्ठ समीक्षक साहित्यकार प्रबोध कुमार गोविल की अध्यक्षता में समारोह पूर्वक सम्पन्न हुआ । सृजक संस्थान के सचिव रामचरण 'राग' ने बताया कि पुस्तक विमोचन समारोह के आरंभ में अतिथियों ने सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित किया। । इस अवसर पर सृजक संस्थान की उपाध्यक्ष श्रीमती रेणु मिश्रा ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की तथा आर. सी. एन. जी. ट्रस्ट की सचिव रितु गुप्ता ने स्वागत उद्बोधन दिया । इस पुस्तक विमोचन समारोह कार्यक्रम में अलवर के साहित्यकार, समाजसेवी, प्रबुद्धजनों में पवना खत्री , रघुवर दयाल जैन , गिरवर सिंह बाँकावत , भरतसिंह अहरोदिया , प्रमोद मलिक , डॉ0 देशराज मीणा , गोविन्द सिंह , सुभाष नकड़ा , रघुनंदन अवस्थी , मुकेश मीणा , सुरेश अर्जुन, हेमराज सैनी , राधेश्याम शर्मा , ख्याति गुप्ता , पीयूष गुप्ता , सुधीर , ऊषा , हर सहाय , ओमवती , श्रेयानश गुप्ता , गोकुल राम शर्मा 'दिवाकर', कुलदीप सिंह अहरोदिया एव दीफचंद गुप्ता आदि सैंकड़ों गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे ।

## जोधपुर से उठी मिनी सचिवालय की मांग

बढ़ता राजस्थान

**जोधपुर (रंजन दवे)।** राजस्थान जन चेतना जागृति फ्रंट ने पश्चिमी राजस्थान और विशेष कर जोधपुर संभाग को ध्यान में रखकर जोधपुर में मिनी सचिवालय स्थापित किए जाने की मांग की है जिससे कि पश्चिमी क्षेत्र के लोगों को लाभ मिल सके।पश्चिमी राजस्थान संयोजक एसके बिस्सा उप संयोजक कान राज मोहनोत ने राजस्थान के मुख्यमंत्री एवं पश्चिमी राजस्थान के सभी विधायको से इस संबंध अनुरोध किया है। राजस्थान जन चेतना जागृति फ्रंट ने हाल ही के बजट में पश्चिमी राजस्थान की उपेक्षा को लेकर यह मांग की है संस्था के अनुसार जोधपुर संभाग एवं पश्चिम में राजस्थान इतना बड़ा भूभाग होते हुए भी इसकी अंनदेखि की की गई और हमारे जनप्रतिनिधि मोन धारण किए हुए यह जनता की समझ के बाहर है।

## समाज को आगे बढ़ाने का रहेगा मुख्य उद्देश्यःयादव

### यादव समाज के सेवानिवृत प्राचार्य लीलाराम यादव सर्वसम्मति से अध्यक्ष निर्वाचित

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर(धीरज मौर्य)।** नगर पालिका क्षेत्र स्थित यादव समाज संस्थान बानसूर द्वारा स्थापित श्रीकृष्ण छात्रावास में अध्यक्ष पद पर निर्वाचन के लिए समाज के गणमान्य लोग उपस्थित हुए।यादव समाज के गणमान्य लोगों की उपस्थिति में अध्यक्ष पद के लिए उम्मीदवार व सुझाव आमंत्रित किए गए। जिसमें समाज के कुल 23बन्धुओं ने अध्यक्ष पद के लिए अपनी प्रतिक्रिया दी। समाज के गणमान्य लोगों ने कहा कि यदि आपमें से कोई एक पर निर्णय कर समाज को अवगत कराओ। अध्यक्ष पद के सभी 23प्रत्याशी भगवान श्रीकृष्ण के दरबार में गए और 23में से 21ने समाज हित में पीछे कदम हटा लिया।शेष दो प्रत्याशी चुनाव मैदान में रहे,जिन्होंने समाज के सामने अपनी बात रखी। यादव समाज के लोगों ने पूर्व अध्यक्षों या उनके प्रतिनिधियों को समाज हित में निर्णय लेने के लिए एकांत में भेजा। जिसमें सभी ने एकराय होकर अपना प्रतिनिधि समाज के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व प्रधान एडवोकेट मदनलाल यादव को नियुक्त किया। तत्पश्चात पूर्व अध्यक्ष ने निर्णय सुनाने से पूर्व समाज और सभी प्रत्याशियों से अनुमति मांगी और कहा कि जो कुछ हम निर्णय लेकर आए हैं क्या आप सबलोग सहमत होंगे। यादव समाज के अध्यक्ष पद के प्रत्याशियों और उपस्थित गणमान्य लोगों ने एकराय होकर कहा कि आप जिसका भी नाम सुझायेंगे हम सर्वसम्मति से उसे ही अपना अध्यक्ष मानेंगे। उसके बाद पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट मदन लाल यादव ने निर्णय के लिए भेजे गए सभी पूर्व अध्यक्षों और उनके प्रतिनिधियों द्वारा लिए गए निर्णय को सुनाया। जिससे यादव समाज के लोगों ने तालियों से हॉल को गुंजायमान कर भगवान श्रीकृष्ण के जयकारे लगाए !वहीं निर्णय को सुन ऊँछपुर निवासी सेवानिवृत प्राचार्य लीलाराम यादव ने समाज के सामने शीश झुकाकर अपने स्वास्थ्य का हवाला देते हुए अध्यक्ष पद पर अपनी असहमति जताई।

## शहीद के परिजन ही शहादत की दुनियाँ को जानते हैंःशेखावत

### अमर शहीद रिछपाल गुर्जर की प्रतिमा के अनावरण समारोह में शेखावत ने रखे विचार

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर(धीरज मौर्य)।** विधानसभा क्षेत्र से विधायक देवीसिंह शेखावत ने शहीद की प्रतिमा स्थापना पर शिरकत की और शहीद रिछपाल गुर्जर को सादर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि शहीद और उसका परिवार जानता है कि शहादत क्या होती है। शहीद और उनका परिवार हमेंशा राष्ट्रहित में शहादत के लिए तैयार रहते हैं तो अन्य लोग सुख सुविधा तलाशते रहते हैं। शेखावत ने कहा कि मैं नमन करता हूँ उन वीर शहीदों को जिन्होंने राष्ट्र के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए !साथ ही नमन है उन वीर शहीदों के परिवारों को जिन्होंने अपना बेटा, भाई, पति या पिता सेना में भेज दिया।शेखावत ने कहा कि देश की सेना के पूर्व,वर्तमान और शहीद सैनिकों को और उनके परिवारों को भारत माता के चित्र के समक्ष दैनिक शीश झुकाकर प्रणाम करता हूँ। सही मायने में यही हमारे देवता हैं। वहीं कार्यक्रम में सैनिक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष प्रेमसिंह बाजोर ने कहा कि जब भी हम भारतीयों को शहीदों की प्रतिमाओं के सामने से गुजरना पड़े तो उनका वंदन जरूर करना चाहिए। शादी विवाह समारोह हो या अन्य कार्य शहीदों के स्मारको पर जाकर मांगों आपको वह मन्नत जरूर मिलेगी।इस अवसर पर शहीद का माता का सम्मान कर उनके त्याग और बलिदान को नमन किया। देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर सपूत सदैव हमारे लिए प्रेरणा स्रोत रहेंगे।राष्ट्र की सेवा में शहीद हुआ वीर का बलिदान हमेंशा स्मरणीय रहेगा।तथा आने वाली पीढियों को देशभक्ति की प्रेरणा देता रहेगा।

## थानाराजाजी मंडल पर किया गया विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़(अलवर)।** थाना राजाजी मंडल में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। विराट हिंदू सम्मेलन में सर्व समाज के महिला, पुरुष, बालक एवं वृद्ध शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वज यात्रा के साथ किया गया जिसमें सभी उपस्थित महिला पुरुष रामधुनी एवं संकीर्तन करते हुए नगर भ्रमण करके कार्यक्रम स्थल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय थाना राजाजी पहुंचे। कार्यक्रम में सर्वप्रथम भारत माता की पूजन किया गया तत्पश्चात उपस्थित सकल हिंदू समाज ने सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विद्या भारती के जिला सचिव सतीश शर्मा रहे। मुख्य वक्ता ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष की यात्रा के बारे में संक्षेप में बताया। उन्होंने संघ के पञ्च परिवर्तन विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला। जिला सचिव ने सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, स्व का जागरण, पर्यावरण संरक्षण एवं नागरिक शिष्टाचार विषयों पर अपने विचार रखें। अंत में प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता गुरुजी सुबोध कश्यप ने की तथा उपाध्यक्ष के रूप में सभी जाति बिरादरियों के प्रमुख मंच पर उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में अमर सिंह वर्मा, दीपचंद सेन सुरेंद्र जांगिड़, सुरेंद्र प्रधान, धोलाराम यादव, अनिल सैनी, रामसिंह नरूका, रवि नरूका, दिनेश जांगिड़, प्रभु दयाल यादव, सुनिल यादव, विक्रम मीणा, भूपेंद्र जांगिड़, नितिन विजय, सुरजन सिंह, अनुराग गौड, जगमोहन शर्मा, रॉबिन सचदेवा, रामनिवास मीणा एवं सूर्य प्रकाश शर्मा सहित मातृशक्ति एवं समाज के प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे।

## महिलाओं को आगे लाने की दिशा में जोधपुर मंडल का अनूठा नवाचार महिला शक्ति की रफ्तारः जोधपुर मंडल में महिलाओं ने संभाली पूरी ट्रेन की कमान

बढ़ता राजस्थान




**जोधपुर(रंजन दवे)।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल द्वारा महिला सम्मान की एक अनूठी पहल की गई। इसके तहत गाड़ी संख्या 14813 जोधपुर-भोपाल एक्सप्रेस में जोधपुर से जयपुर तक गाड़ी में कार्यरत सभी पदों पर महिला कर्मचारियों की नियुक्ति की गई। इस विशेष पहल के माध्यम से महिला सशक्तिकरण और महिलाओं की कार्यकुशलता को सम्मान देने का संदेश दिया गया। ट्रेन के प्रस्थान से पहले जोधपुर रेलवे स्टेशन पर महिला यात्रियों एवं महिला कर्मचारियों का उत्साहवर्धन किया गया तथा गाड़ी संख्या 14813 को सम्मानपूर्वक नियत समय पर रवाना किया गया। ट्रेन के प्रस्थान के समय महिला कर्मचारियों के उत्साहवर्धन के लिए रेलवे के कई अधिकारी भी उपस्थित रहे। इस विशेष ट्रेन में सहायक लोको पायलट रेखा कुमारी ने इंजन की कमान संभाली। ट्रेन मैनेजर के रूप में रामिला कुमारी मीना ने संचालन की जिम्मेदारी निभाई। सुरक्षा व्यवस्था के तहत आरपीएफ एस्कॉर्ट में कांस्टेबल सुनीता और कांस्टेबल गंगा कुमारी यात्रियों की सुरक्षा के लिए पूरी यात्रा के दौरान मुस्तैद रहीं। वहीं ट्रेन के डिब्बों में टिकट जांच की जिम्मेदारी महिला टीटीई रचना, प्रिया चौहान, बसंती टाक और दीपाली ने संभाली।

**फलसूंड के संस्थापक वीर सबल सिंह जोधा की अश्वारूढ़ मूर्ति अनावरण का हुआ भव्य समारोह**

# वीर सबल सिंह जोधा के शौर्य को सैकड़ो वर्षों बाद भी याद करना प्रेरणादायक है-महाराजा गज सिंह

बढ़ता राजस्थान



**जोधपुर (रंजन दवे)।** जोधपुर महाराजा जसवंत सिंह प्रथम के साथ काबुल के जमरूद व वीर दुर्गादास राठौड़ के साथ युद्ध में भागीदारी निभाकर अपने शौर्य व वीरता का प्रदर्शन करने वाले फलसूंड के संस्थापक व राव मालदेव के पौत्र वीर सबल सिंह जोधा की फलसूंड में स्थापित अश्वारूढ मूर्ति का रविवार को भव्य समारोह में हजारों लोगों की उपस्थिति में महाराजा गज सिंह जी ने अनावरण किया । समारोह के मुख्य अतिथि जोधपुर पूर्व नरेश गजसिंह ने मूर्ति अनावरण के पश्चात आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि महाराजा जसवंत सिंह प्रथम के समय व काबुल में व वीर दुर्गादास राठौड़ के साथ अपनी वीरता व शौर्य का प्रदर्शन करने वाले वीर सबल सिंह जोधा को सैकड़ो वर्षों बाद याद करना एक प्रेरणादायी कार्य है । उन्होंने कहा कि उनके अच्छे कार्यों के लिए आज इस समारोह में हम सभी उन्हें याद कर रहे हैं ।उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज ,इतिहास व संस्कृति को जीवित रखने का कार्य है जो सराहनीय है । उन्होंने युवाओं से कहा कि राजस्थान की आन ,बान ,शान एवं परंपराओं को आगे बढ़ाने का निरंतर प्रयास होना चाहिए ।

### राजस्थानी भाषा को मान्यता जल्दी मिले

महाराजा गज सिंह जी ने इस अवसर पर राजस्थानी भाषा को मान्यता में हो रही देरी व वर्षों के इंतजार पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि अब राजस्थानी भाषा को मान्यता जल्दी मिलनी चाहिए । राजस्थानी भाषा को मान्यता के लिए वर्षों से हर स्तर पर मांग की जा रही है । उन्होंने कहा कि राजस्थानी भाषा हमारी संस्कृति इतिहास ,रीति-रिवाजो के लिए आवश्यक है । उन्होंने कहा कि राजस्थान विधानसभा से पुनः संकल्प पत्र पारित करके केंद्र सरकार को जल्दी भिजवाया जाना चाहिए । मारवाड़ राजपूत सभा के अध्यक्ष हनुमान सिंह खांगटा ने अपने संबोधन में कहा कि वीर सबल सिंह जोधा जैसे वीरों को याद करना और उनकी मूर्ति स्थापित करना उस वीर के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने कहा कि महाराजा गज सिंह जी जैसे संरक्षक के कारण हम सभी गौरवान्वित हैं । इस अवसर पर संत समाज की ओर से भी भागीदारी निभाई गई।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु समेत कई नेताओं ने शुभकामनाएं दीं

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने 'अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस' पर शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षित और सशक्त महिलाएं एक प्रगतिशील राष्ट्र की आधारशिला होती हैं। वह अधिक समावेशी और समृद्ध समाज की नींव को मजबूत बनाती है।

**राष्ट्रपति मुर्मु** ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर अपने संदेश में लिखा, अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सभी को हार्दिक शुभकामनाएं! शिक्षित और सशक्त महिलाएं एक प्रगतिशील राष्ट्र की आधारशिला होती हैं। जब नारी शक्ति अलग-अलग क्षेत्रों में उत्कृष्टता हासिल करती है और साहस के साथ नेतृत्व करती है, तो वह एक अधिक समावेशी और समृद्ध समाज की नींव को मजबूत बनाती है।

**केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह** ने नारी शक्ति को बधाई देते हुए पोस्ट में लिखा, समाज में नारी शक्ति की बेमिसाल भूमिका के लिए मानवता उनका ऋणी है। पीढ़ियों को पाल-पोसकर बड़ा करना और वैज्ञानिक और आर्थिक प्रगति को आगे बढ़ाना, वे हमारी जिंदगी के हर पहलू में योगदान देती हैं। इसी गहरी कृतज्ञता से प्रेरित होकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिला-नेतृत्व वाले विकास की परिकल्पना की है, जहां महिलाएं अब सिर्फ प्रगति की साक्षी नहीं हैं, बल्कि परिवर्तन की वाहक बनकर हमारे देश को महानता की ओर ले जाने वाली अग्रदूत हैं।

**रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह** ने कहा, अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मैं सभी महिलाओं को हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई देता हूं, जिनकी शक्ति, समर्पण और दृढ़ संकल्प हमारे राष्ट्र को निरंतर प्रेरित करते हैं। उन्होंने 'एक्स' पोस्ट में लिखा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में हमारी सरकार महिला सशक्तिकरण के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। हम महिलाओं के लिए अधिक अवसर पैदा कर रहे हैं और नारी शक्ति को भारत की विकास यात्रा व राष्ट्र निर्माण में और अधिक सार्थक योगदान देने के लिए सक्षम बना रहे हैं।

**केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी** ने पोस्ट किया, प्रत्येक क्षेत्र में अद्वितीय योगदान दे रही देश की नारी शक्ति को नमन। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

**केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान** ने 'एक्स' पोस्ट में लिखा, नारी शौर्य है, साहस है, शक्ति है। नारी देवी है, दुर्गा है, ईश्वर की भक्ति है। देवीस्वरूपा नारी को कोटि-कोटि प्रणाम। 'अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस' के अवसर पर सभी मातृशक्ति को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला कर्मियों ने एक्वा लाइन के रूट पर दौड़ाई मेट्रो



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (एमएमआरसी) ने महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक विशेष पहल की है। इस पहल के तहत मुंबई मेट्रो लाइन-3, जिसे एक्वा लाइन के नाम से जाना जाता है, इसमें दो प्रमुख स्टेशनों मरोल नाका और सीएसएमटी मेट्रो स्टेशन का संचालन पूरी तरह से महिला कर्मचारियों द्वारा किया जा रहा है।

एमएमआरसी के अनुसार, इन दोनों स्टेशनों पर कुल 85 महिला कर्मचारी विभिन्न शिफ्टों में अपनी जिम्मेदारियां निभा रही हैं। ये कर्मचारी स्टेशन कंट्रोल, टिकटिंग, यात्री सहायता, सुरक्षा, मेंटेनेंस सपोर्ट और हाउसकीपिंग जैसे कई महत्वपूर्ण ऑपरेशनल कार्यों को संभाल रही हैं। स्टेशन के रोजमर्रा के संचालन से लेकर यात्रियों को सहायता प्रदान करने तक सभी कार्य महिलाओं के हाथों में हैं, जो उनकी दक्षता और पेशेवर क्षमता को दर्शाता है।

बता दें कि महिलाएं केवल स्टेशन संचालन ही नहीं, बल्कि ट्रेन संचालन में भी महिलाओं की सक्रिय भूमिका देखने को मिल रही है। मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन में इस समय 27 महिला ट्रेन ऑपरेटर कार्यरत हैं, जो एक्वा लाइन पर मेट्रो ट्रेनों को चलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उनकी उपस्थिति इस बात का प्रमाण है कि महिलाएं तकनीकी और जिम्मेदारी भरे क्षेत्रों में भी सफलतापूर्वक अपनी भूमिका निभा सकती हैं।

## कमल हासन ने ट्रम्प से कहा-अपने काम से काम रखो:ओपन लेटर में लिखा- भारत आजाद देश, अब हम विदेशी सरकारों का हुकुम नहीं मानते

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कमल हासन ने हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के लिए एक ओपन लेटर लिखकर, उन्हें अपने देश पर ध्यान देने की नसीहत दी है। कमल हासन ने दबे शब्दों में डोनाल्ड ट्रम्प की उस नसीहत पर तंज कसा है, जिसमें उन्होंने भारत को रशिया से तेल लेने की छूट दी है। कमल हासन ने आधिकारिक ट्वीटर अकाउंट (पहले ट्वविटर) से लिखा है, सेवा में, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प। माननीय राष्ट्रपति जी, हम भारत के लोग एक आजाद और अपने फैसले खुद लेने वाले देश के नागरिक हैं। अब हम किसी दूसरे देश से ऑर्डर नहीं लेते। कृपया अपने काम से काम रखें। देशों के बीच आपसी सम्मान ही दुनिया में शांति बनाए रखने का सही तरीका है। हम आपके देश और वहां के लोगों के लिए शांति और तरक्की की कामना करते हैं। कमल हासन- एक प्राउड भारतीय नागरिक। संस्थापक- मक्कल नीधि माइअम।

चूरू में गौरव सैनानी समारोह

# राष्ट्र सेवा में राजस्थान के वीरों की अग्रणी भूमिका

## सैनिक नहीं होते सेवानिवृत्त, आजीवन करते राष्ट्रहित और समाजहित के लिए कार्य : सीएम शर्मा

### भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर, सर्जिकल स्ट्राइक जैसे अभियानों में दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब दिया

बढ़ता राजस्थान





**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राष्ट्र सेवा में राजस्थान के वीरों की अग्रणी भूमिका रही है। यहां गांवों में कोई न कोई ऐसा परिवार है जिसने सेना की वर्दी पहनी है। उन्होंने कहा कि सैनिक कभी सेवानिवृत्त नहीं होते, वे आजीवन राष्ट्रहित और समाजहित के लिए निरन्तर कार्य करते हैं। उनका त्याग और बलिदान से परिपूर्ण जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। शर्मा रविवार को चूरू के जिला खेल स्टेडियम में आयोजित गौरव सेनानी समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि चूरू और शेखावाटी की धरती ने देशप्रेम के भाव को सदैव जीवंत रखा है। परमवीर चक्र विजेता पीरू सिंह, मेजर शैतान सिंह, लेफ्टिनेंट जनरल सगत सिंह राठौड़ जैसे वीर सपूतों ने राजस्थान का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने चूरू के जिला खेल स्टेडियम का नाम 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में अद्भुत साहस का प्रदर्शन करने वाले लेफ्टिनेंट जनरल सगत सिंह राठौड़ के नाम पर रखे जाने की घोषणा भी की।

#### रक्षा क्षेत्र में देश बन रहा आत्मनिर्भर

शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत एक प्रमुख विश्व शक्ति बन कर उभर रहा है। भारतीय सेना ने सर्जिकल स्ट्राइक, बालाकोट एयर स्ट्राइक, ऑपरेशन पराक्रम, ऑपरेशन रक्षक और ऑपरेशन सिंदूर जैसे अभियानों के माध्यम से दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि आज हमारा देश रक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन रहा है।

#### वीरांगनाओं का त्याग हमारे लिए प्रेरणादायी

शर्मा ने कहा कि वीर सपूतों ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए देश के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। वीर नारियों और वीरांगनाओं का त्याग भी हमारे लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने कहा कि वीर सैनिकों और उनके परिवारों की समस्याओं के समाधान के लिए राज्य सरकार कटिबद्ध है। इसी कड़ी में, घर-घर जाकर पूर्व सैनिकों, वीर नारियों और उनके परिवारों से संवाद किया गया है।

### एकीकृत सैनिक कल्याण कॉम्पलेक्सेज में सभी सुविधाएं मिलेंगी एक ही छत के नीचे

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार सैनिकों, पूर्व सैनिकों तथा उनके आश्रितों को विभिन्न सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने के लिए एकीकृत सैनिक कल्याण कॉम्पलेक्स का चरणबद्ध निर्माण कर रही है। इन कॉम्पलेक्सेज में जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, युद्ध स्मारक, सैनिक कैंटीन, स्वास्थ्य केंद्र और सामुदायिक भवन एक ही छत के नीचे उपलब्ध होंगे। प्रथम चरण में 36 करोड़ रुपये की लागत से जोधपुर, टोंक, शेरगढ़ और झुंझुनूं में इन कॉम्पलेक्स का निर्माण करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जोधपुर में मेजर शैतान सिंह कौशल विकास एवं प्रशिक्षण केंद्र और झुंझुनूं में 'वॉर म्यूजियम' की स्थापना भी की जाएगी।

#### विभिन्न विभागों में नियोजित पूर्व सैनिकों के मानदेय में 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार सैनिक और उनके परिवारों को सुविधाएं एवं सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। आरटीडीसी के होटलों और गेस्ट हाउसों में वीरांगनाओं को 50 प्रतिशत और सेवारत एवं पूर्व सैनिकों को 25 प्रतिशत की छूट देने के साथ ही, नवीन जिला सैनिक कल्याण कार्यालय भी खोले जा रहे हैं। विभिन्न विभागों में रेक्सको के माध्यम से नियोजित पूर्व सैनिकों के मानदेय में पिछले 2 वर्ष में 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। वहीं, द्वितीय विश्व युद्ध के पूर्व सैनिकों को मिलने वाली पेंशन 10 हजार से बढ़ाकर 15 हजार रुपये प्रतिमाह की गई है।

### एक्स सर्विसमैन सैकण्ड लाईन ऑफ डिफेंस - लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह

सप्तशक्ति कमान के सेना कमाण्डर लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह ने कहा कि फौजी कभी अकेला नहीं रहता, इसी उद्देश्य को लेकर गौरव सैनानी समारोह आयोजित किया जा रहा है। यह समारोह आपसी जुड़ाव और जिम्मेदारी का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि एक्स सर्विसमैन सैकण्ड लाइन ऑफ डिफेंस के रूप में कार्य करते हैं। शर्मा ने इस दौरान पूर्व सैनिकों का सम्मान किया और जॉब लेटर सौंपे। साथ ही, प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। इस अवसर पर चूरू विधायक हरलाल सहारण, पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, पैरालंपिक कमेटी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष देवेंद्र झाझड़िया सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, वरिष्ठ सैन्य अधिकारी, पूर्व सैनिक, वीर नारियां, वीरांगनाएं एवं उनके परिवारजन उपस्थित रहे।

## प्रदेश में झुलसाने वाली तेज गर्मी

### तापमान 40 के पास आया : बाड़मेर-जैसलमेर में चलने लगी गर्म हवा; 10-11 मार्च से हीटवेव की संभावना

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर।** राजस्थान, गुजरात और इससे लगते पाकिस्तान के एरिया पर बने एंटीसाइक्लोन सिस्टम ने राजस्थान में झुलसाने वाली गर्मी कर दी है। दिन में आसमान साफ रहने से सूरज की तपिश तेज हो गई है। पश्चिमी जिलों (बाड़मेर, जैसलमेर, बालोतरा, बीकानेर, जोधपुर) में हल्की गर्म हवाएं चलने लगी हैं।

शनिवार को जैसलमेर प्रदेश का दूसरा सबसे गर्म शहर रहा था। सूरज के तेवर तल्ख हो गए हैं। शनिवार को यहां का पारा 39.3 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ था। रविवार को भी सुबह से ही तेज धूप निकली है। जैसलमेर में आज अधिकतम तापमान 37डिग्री और न्यूनतम 21डिग्री रहने का अनुमान है। बाड़मेर में शनिवार (7 मार्च) को अधिकतम तापमान 39.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जैसलमेर में दिन का तापमान सामान्य से 8.1 डिग्री ऊपर पहुंच गया है। बीकानेर, श्रीगंगानगर, जोधपुर में भी कल अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज हुआ। मौसम विज्ञान केंद्र से जारी अगामी एक सप्ताह के पूर्वानुमान में गर्मी और तेज होने और तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी दर्ज होने की संभावना जताई गई है।

बाड़मेर और जैसलमेर में सबसे ज्यादा गर्मी पिछले 24 घंटे का मौसम देखें तो जोधपुर, बीकानेर संभाग के 7-8 जिलों में शनिवार को दिनभर तेज और झुलसाने वाली गर्मी रही।

## दौसा की बाणगंगा नदी में भाई-बहन समेत 3 डूबे

### गड्ढे में गिरी बहन को बचाने कूदे थे; 200 मीटर दूर गेहूं काट रहे थे परिजन

बढ़ता राजस्थान



**दौसा।** दौसा की बाणगंगा नदी में डूबने से भाई-बहन समेत 3 की मौत हो गई। तीनों नदी के पास मवेशी चराने गए थे। मवेशी चराने के दौरान नदी में जगह-जगह बरसाती पानी भरा हुआ था। इसमें पैर फिसलने से बच्ची अंदर गिर गई। उसे बचाने के लिए अन्य 2 बच्चे भी पानी में कूद पड़े। ऐसे में, तीनों ही पानी में डूब गए। डेढ़ घंटे में तीनों के शव गड्ढे से निकाले गए। पुलिस इन्हें अस्पताल लेकर आई, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मामला दौसा के सैंथल थाना इलाके में बापी गांव के पास बाणगंगा नदी का दोपहर 2:45 बजे है। सैंथल थाना के एसएचओ रविन्द्र चौधरी ने बताया- जसोता गांव निवासी पायल जायसवाल पुत्री मुरारीलाल (13), श्यामसुंदर पुत्र मुरारीलाल (15) और अमित पुत्र प्रहलाद मीणा (11) की डूबने से मौत हो गई है। तीनों जसोता गांव के रहने वाले थे। इसमें पायल और श्याम सुंदर भाई-बहन हैं।

**कोमल मदद लाने दौड़ी**-जानकारी के अनुसार, 2 भाई-बहन पायल, श्याम सुन्दर, अमित मीणा और कोमल मीणा बाणगंगा नदी पर मवेशी चराने गए थे। इस दौरान पायल फिसल कर गड्ढे में गिर गई। इसके बाद पायल का भाई श्याम उसे बचाने गड्ढे में कूद गया। दोनों डूबने लगे तो उन्हें देख अमित ने भी गड्ढे में छलांग लगा दी।

## राष्ट्रपति विवाद पर मोदी बोले : ममता को जनता सबक सिखाएगी

### ये राष्ट्रपति का नहीं संविधान का अपमान; एक दिन अहंकार सब बर्बाद कर देता है

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि पश्चिम बंगाल में देश और नारी शक्ति राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अपमान के लिए जनता को माफ नहीं करेगी, उन्हें जनता सबक सिखाएगी। पीएम नई दिल्ली में एक जनसभा में बोल रहे थे। उन्होंने आगे कहा कि पश्चिम बंगाल में जो हुआ वो राष्ट्रपति का नहीं संविधान का अपमान है। उन्होंने कहा कि अहंकार से भरा व्यक्ति, चाहे कितना भी ताकतवर क्यों न हो, आखिर में बर्बाद हो जाता है। दरअसल, शनिवार को पश्चिम बंगाल में एक कार्यक्रम की जगह बदले जाने पर राष्ट्रपति ने नाराजगी जताई थी। उन्होंने कहा कि नॉर्थ बंगाल दौरे पर न तो मुख्यमंत्री और न ही कोई मंत्री मुझे रिसीव करने आया। बीजेपी ने इसे प्रेसिडेंट का अपमान बताया था। इससे पहले रविवार को दिल्ली में पीएम ने 33500 करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

## भारत के टी-20 वर्ल्डकप जीतने पर मंत्री और कांग्रेस-विधायक झूमे:राजस्थान में जश्न, जमकर हुई आतिशबाजी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** अहमदाबाद में खेले गए टी-20 वर्ल्ड कप-2026 के फाइनल मुकाबले में भारत ने न्यूजीलैंड को 96 रन से करारी शिकस्त दी। इसके साथ ही टीम इंडिया लगातार दूसरी बार और कुल तीसरी बार टी-20 विश्वकप जीत लिया। टीम इंडिया की जीत के साथ ही जयपुर समेत कई शहरों में जश्न शुरू हो गया। फैंस ने जमकर आतिशबाजी की।

जयपुर के एसएमएस स्टेडियम में स्पेशल स्क्रीनिंग में खेल मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ के साथ कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत, जोगाराम पटेल के साथ ही कांग्रेस विधायकों रफीक खान और मनीष यादव ने मैच देखा। भारत के मैच जीतते ही अविनाश गहलोत, रफीक खान और मनीष यादव झूमने लगे। भारतीय की जीत के बाद जयपुर में अमर जवान ज्योति पर बड़ी संख्या में लोग जश्न मनाने जुटे। लोगों ने जमकर डांस किया और भारत माता की जय के नारे लगाए। बड़ी संख्या में लोगों के सड़क पर निकलने के कारण शहर में जगह-जगह जाम लग गया।

इससे पहले फाइनल मैच दिखाने के लिए जयपुर, जोधपुर सहित कई शहरों में रेस्टोरेंट्स व होटल्स में बड़ी स्क्रीन्स लगाई गई। जालोर में एक शादी के दौरान भी फाइनल मुकाबले का क्रैज दिखा। यहां घराती और बाराती एक साथ बड़ी स्क्रीन पर मैच देखते नजर आए।भारतीय टीम की जीत के लिए राजस्थान के मंदिरों में हवन और भजन-कीर्तन किए गए। टीम की जीत की कामना करते हुए भक्तों ने खाटूश्याम मंदिर में तिरंगा भी चढ़ाया।जयपुर में जश्न मनाने



सड़क पर उतरे लोग, जगह-जगह जाम लगा भारतीय टीम की जीत के बाद बड़ी संख्या में लोग जश्न मनाने सड़क पर उतरे। इसके कारण शहर में जगह-जगह जाम लग गया। अंबेडकर सर्किल से स्टैच्यू सर्किल की ओर जाने वाले रास्ते पर लंबा जाम लग गया।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खंडवा, निवाई, टोंक (राज.) से मुद्रित एवं राजकीय महाविद्यालय के पास एनएच-12 बाईपास निवाई, टोंक (राजस्थान) से प्रकाशित, संपादक तनुजा पठान*। प्रधान संपादक राम बिलास विजयवर्गीय मो. 9414242258, 9214048888, प्रधान कार्यालय : 185/ 116 " प्रतीक्षा" सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर (राज.) फोन नं. 0141-2796794,2796795, ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com; "पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर महानगर होगा)